E-PAPER

# थिंक राजस्थान

सोच नई, राजस्थान के लिए

जयपुर 17 सितंबर, 2026 गुरुवार

▪ वर्षः 1 ▪ अंकः 65 / पृष्ठ 8 / अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) / मूल्य : ₹10 / प्रभात / RNI NO.: RJMUL/26/A4290

ब्रीफ न्यूज

### सेना प्रमुख सेठ तीन दिवसीय रूस दौरे पर



नई दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ बुधवार से तीन दिवसीय रूस यात्रा पर हैं। इस दौरे का उद्देश्य दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक रक्षा सहयोग और सेनाओं के बीच संबंधों को और मजबूत करना है।

### हादसे में परिवार के चार सदस्यों की मौत

मुंबई। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक एमयूवी के सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराने के बाद एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई और छह घायल हो गए। मुंबई के जोगेश्वरी का यह परिवार नासिक जिले के त्र्यंबकेश्वर में भगवान शिव के प्रसिद्ध मंदिर में दर्शन करने के बाद लौट रहा था। मुंबई-नासिक राजमार्ग पर अटगांव के पास यह हादसा अपराह्न में हुआ।

### अयोध्या में पिता के नाम पर अमिताभ बनाएंगे धर्मशाला



अयोध्या। अभिनेता अमिताभ बच्चन ने अयोध्या में प्रस्तावित एक धर्मशाला के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण को भवन-योजना प्रस्तुत की है। इसका नाम उनके पिता, प्रसिद्ध कवि तथा पूर्व राज्यसभा सदस्य हरिवंश राय बच्चन के नाम पर रखा जाएगा।

### एक किलो सोने के साथ बांग्लादेशी गिरफ्तार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक बांग्लादेशी नागरिक के पास से 1.88 करोड़ रुपए मूल्य का एक किलो से अधिक सोना बरामद किया गया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। यह व्यक्ति 12 सितंबर को जेद्दा से आया था और उसे ढाका के लिए यात्रा करनी थी।

### उत्तर-पश्चिमी नेपाल में दो बार आया भूकंप




काठमांडू। उत्तर-पश्चिमी नेपाल में लगातार दो बार भूकंप आया। हालांकि, भूकंप से अभी तक किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान पहुंचने की तत्काल कोई सूचना नहीं है। पहले भूकंप की तीव्रता 4.5 थी और यह स्थानीय समयानुसार मंगलवार देर रात एक बजकर 51 मिनट पर दर्ज किया गया। वहीं दूसरे भूकंप की तीव्रता 4.2 थी।

» अंदर विशेष

▪ पाली विधायक भीमराज भाटी के भाई पर हमला, स्कूटी से गिराकर पीटा
...पढ़े पेज 3 पर

▪ युवती ने बॉयफ्रेंड संग मिलकर एटीएम से लूटे 41.70 लाख, गिरफ्तार
...पढ़े पेज 5 पर

केंद्रीय मंत्रिमंडल का फैसला, आज से ही लागू होगा नया नियम

# बड़ी खुशखबरी, पीएफ पर सैलरी लिमिट 15 हजार से हुई 25 हजार

**51 लाख से अधिक अतिरिक्त कर्मचारियों को होगा फायदा**

*केंद्र सरकार ने बुधवार को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के तहत अनिवार्य सामाजिक सुरक्षा के लिए वेतन सीमा को मौजूदा के 15,000 रुपए से बढ़ाकर 25,000 रुपए प्रति माह करने को मंजूरी दे दी। इसका उद्देश्य अधिक कर्मचारियों को भविष्य निधि बचत और पेंशन सुरक्षा के दायरे में लाना है। इस फैसले से 51 लाख से अधिक अतिरिक्त कर्मचारियों को फायदा होगा।*

थिंक राजस्थान • नई दिल्ली

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा, भविष्य निधि कटौती के लिए अब 25,000 रुपए प्रति माह वेतन की नई सीमा होगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल के इस फैसले से 51 लाख से अधिक अतिरिक्त कर्मचारी अनिवार्य ईपीएफओ के दायरे में आ सकते हैं। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने कहा, संशोधित वेतन सीमा 17 सितंबर, 2026 यानी 'विश्वकर्मा पूजा' के दिन से प्रभावी होगी। ईपीएफओ की वेतन सीमा 2004 से 2014 के बीच अपरिवर्तित रही थी और सितंबर, 2014 में इसे बढ़ाकर 15,000 रुपए प्रति माह किया गया था। सितंबर, 2014 से पहले वेतन सीमा 6,500 रुपए प्रति माह थी। सरकार ने कहा कि पिछले वर्षों में वेतन और आय में लगातार अंतर आ रहा था।

▪ कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के पीएफ में 12 साल बाद बदलाव

### श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा

*श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' लिखा, मंत्रिमंडल का यह फैसला देश के श्रमिकों को व्यापक सामाजिक सुरक्षा और संगठित क्षेत्र के रोजगार को भी गति देगा। उन्होंने कहा, मैं देश के सभी श्रमिकों को बताना चाहता हूं कि कल विश्वकर्मा पूजा और सेवा दिवस दोनों का पावन अवसर है। यह महत्त्वपूर्ण फैसला इसी शुभ दिन से लागू होगा।*




ईपीएफओ का नया गणित

| विवरण | पहले | अब | अतिरिक्त राशि |
|---|---|---|---|
| वेतन | ₹15,000 | ₹25,000 | ₹10,000 |
| कर्मचारी का EPF योगदान (12%) | ₹1,800 | ₹3,000 | ₹1,200 |
| नियोक्ता का EPF योगदान (3.67%) | ₹550.50 | ₹917.50 | ₹367 |
| नियोक्ता का EPS योगदान (8.33%) | ₹1,249.50 | ₹2,082.50 | ₹833 |
| EPF + EPS में कुल मासिक योगदान | ₹3,600 | ₹6,000 | ₹2,400 |
| कुल योगदान में कर्मचारी का हिस्सा | ₹1,800 | ₹3,000 | ₹1,200 |
| कुल योगदान में नियोक्ता का हिस्सा | ₹1,800 | ₹3,000 | ₹1,200 |

### दुनिया की सबसे बड़ी सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था

*ईपीएफओ दुनिया की सबसे बड़ी सामाजिक सुरक्षा व्यवस्थाओं में से एक का संचालन करता है। यह कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ), कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) और कर्मचारी जमा संबद्ध बीमा योजना (ईडीएलआई) का संचालन करता है। ईपीएफओ के ताजा आंकड़ों के अनुसार, करीब 7.98 करोड़ सदस्य लगभग 7.68 लाख प्रतिष्ठानों से जुड़े हैं। ईपीएस के तहत करीब 82 लाख पेंशनधारकों को पेंशन लाभ मिलता है।*

### ये फायदे

1- उन्हें कर्मचारी भविष्य निधि के तहत नियमित बचत का लाभ मिलेगा। अब 25,000 रुपए की सैलरी वाले भी इस दायरे में आएंगे।

2- कर्मचारी पेंशन योजना के जरिए रिटायरमेंट के बाद पेंशन सुरक्षा मिलेगी। न्यूनतम 10 साल की सेवा पूरी करने पर 58 वर्ष की आयु के बाद आजीवन मासिक पेंशन मिलेगी।

3- कर्मचारी जमा-संबद्ध बीमा योजना के तहत बीमा सुरक्षा भी उपलब्ध होगी। ये स्कीम नौकरी में रहने के दौरान किसी तरह की अनहोनी होने पर परिवार का सहारा बनती है।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर आज जलेगा 'आशीर्वाद का दीया'



थिंक राजस्थान • नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 76वें जन्मदिन के मौके पर देशभर में 'आशीर्वाद का दीया' जलाया जाएगा। राष्ट्रीय राजधानी के कर्तव्य पथ पर 'आशीर्वाद का दीया' अभियान के तहत गुरुवार शाम को सवा लाख दिए जलाए जाएंगे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली के हर परिवार से शाम छह बजे से सात बजे के बीच अभियान के तहत दीया जलाने और मोदी के अच्छे स्वास्थ्य, दीर्घायु और मां भारती की सेवा में निरंतर शक्ति के लिए प्रार्थना करने की अपील की है।

### उज्जैन में 'आशीर्वाद का दीया' जलाएंगे भाजपा अध्यक्ष

भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन और 25 वर्षों की उनकी समर्पित सार्वजनिक सेवा के उपलक्ष्य में गुरुवार को उज्जैन के रामघाट पर 'आशीर्वाद का दीया' प्रज्वलित करेंगे। नवीन मध्यप्रदेश की दो दिन की यात्रा पर इंदौर में 'स्वामित्व योजना' के तहत एक बड़े राज्यव्यापी लोक कल्याण अभियान की भी शुरुआत करेंगे।

### प्रदेश में भी भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाएंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य प्रदेश भाजपा की ओर से 1 माह तक अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत कार्यकर्ता घर-घर जाकर आशीर्वाद का दिया बांटेंगे। साथ ही भारतीय जनता पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता को अवगत करवाएंगे।

# यूपीआई चार्ज पर सुप्रीम कोर्ट से गुहार, सरकार ने कहा- नहीं बदलेंगे फैसला

थिंक राजस्थान • नई दिल्ली



यूपीआई लेनदेन पर चार्ज का मामला अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। एक ओर चार्ज लगाने के फैसले पर पुनर्विचार की मांग उठ रही है, तो दूसरी ओर सरकार ने साफ कर दिया है कि इस फैसले को वापस लेने का फिलहाल कोई सवाल नहीं है। इससे डिजिटल भुगतान करने वाले करोड़ों यूजर्स और पेमेंट कंपनियों की नजर अब आगे की कानूनी और सरकारी कार्रवाई पर टिकी है। केंद्र सरकार के 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई भुगतान पर 'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' (एमडीआर) लागू करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। शीर्ष अदालत में दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि यह शुल्क पर्याप्त कानूनी सुरक्षा उपायों, पारदर्शिता और सार्वजनिक परामर्श के बिना लागू किया गया है।

▪ याचिकाकर्ता बोले- सार्वजनिक परामर्श के बिना किया गया लागू

### शुल्क लगाने का फैसला वापस नहीं होगा

सरकार ने बुधवार को स्पष्ट किया कि 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क लगाने के फैसले पर पुनर्विचार करने या इसे वापस लेने का सवाल ही नहीं उठता है। सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने बड़े यूपीआई भुगतान पाने वाले व्यापारियों पर प्रस्तावित शुल्क 'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' (एमडीआर) को वापस लेने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर कहा कि यह फैसला लिया जा चुका है और इसे पलटने का सवाल ही नहीं है। उन्होंने कहा कि अन्य देशों में भी ऐसी शुल्क व्यवस्था है और नई एमडीआर व्यवस्था यूपीआई को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगी।

### इधर, एमडीआर पर 18 प्रतिशत जीएसटी भी

इधर, बड़े यूपीआई भुगतान पर 15 अक्टूबर से लगने वाले 'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' (एमडीआर) पर 18 प्रतिशत की दर से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) भी लगेगा। हालांकि, जीएसटी में पंजीकृत कारोबारी इस कर के इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का दावा कर सकेंगे। मसलन, 5,000 रुपए के यूपीआई भुगतान पर 0.4 प्रतिशत के हिसाब से 20 रुपए एमडीआर बनेगा जिस पर 18 प्रतिशत जीएसटी यानी 3.60 रुपए का कर लगेगा।

चांदी पर 35 रुपए शुल्क बरकरार

# सोने का हॉलमार्किंग शुल्क अब 75 रुपए

थिंक राजस्थान • मुंबई



भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने त्योहारों से पहले सोने के आभूषण का हॉलमार्किंग शुल्क बढ़ाकर 75 रुपए कर दिया है, जबकि चांदी के लिए यह शुल्क 35 रुपए पर बरकरार रखा गया है। यह संशोधित हॉलमार्किंग शुल्क तत्काल प्रभाव से लागू होगा। अबतक सोने के आभूषण का हॉलमार्क का निशान लगाने का शुल्क 45 रुपए था। यह बढ़ोतरी 14 सितंबर, 2026 को अधिसूचित बीआईएस (हॉलमार्किंग) संशोधन विनियम, 2026 के तहत की गई है।

# सेपक टकरा; श्याम सिंह एशियन गेम्स में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जिले के होनहार खिलाड़ी श्याम सिंह चुंडावत ने सेपक टकरा खेल में प्रतिभा का लोहा मनवाया है। चुंडावत जापान में आयोजित होने जा रहे 2026 एशियाई खेल में भारतीय सेपक टकरा टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। कोचिंग कैंप भारतीय खेल प्राधिकरण सोनीपत हरियाणा में 24 अगस्त 2026 से 15 सितंबर 2026 तक आयोजित हुआ। 16 सितंबर को श्याम सिंह भारतीय दल के साथ जापान के लिए रवाना हुए। जापान के अईची नागोया में 20वीं एशियन गेम्स 2026 का आयोजन 19 सितंबर से 4 अक्टूबर 2026 तक होगा।

# जोधपुर जिले की 6 नगरपालिकाओं में अध्यक्ष पद के लिए नामांकन जमा हुए

▪ बिलाड़ा पालिका में तीन अभ्यर्थियों ने दाखिल किए गए नामांकन पत्र

थिंक राजस्थान • जोधपुर

नगर निकाय आम चुनाव-2026 के तहत जोधपुर जिले की 6 नगरपालिकाओं - पीपाड़ शहर, बिलाड़ा, भोपालगढ़, बालेसर-सत्ता, तिंवरी एवं मथानिया में अध्यक्ष पद के निर्वाचन के लिए नामांकन प्रक्रिया 16 सितंबर को संपन्न हुई। नामांकन प्रक्रिया के तहत 16 सितंबर को प्राप्त नामांकन पत्रों की नगरपालिका-वार स्थिति निम्नानुसार रही पीपाड़ शहर नगरपालिका में कुल 35 वार्ड हैं जिसमें 2 अभ्यर्थियों द्वारा 2 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। बिलाड़ा नगरपालिका में कुल 40 वार्ड हैं जिसमें 3 अभ्यर्थियों द्वारा 3 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। भोपालगढ़ नगरपालिका में में कुल 25 वार्ड हैं जिसमें 5 अभ्यर्थियों द्वारा 6 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। बालेसर-सत्ता नगरपालिका में में कुल 25 वार्ड हैं जिसमें 2 अभ्यर्थियों द्वारा 2 नामांकन पत्र दाखिल किए गए।

तिंवरी नगरपालिका में कुल 25 वार्ड हैं जिसमें 2 अभ्यर्थियों द्वारा 2 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। मथानिया नगरपालिका में कुल 25 वार्ड हैं जिसमें 2 अभ्यर्थियों द्वारा 2 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार प्राप्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा 17 सितंबर को की जाएगी तथा 18 सितंबर को अपराह्न 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इसके पश्चात् अभ्यर्थियों को चुनाव चिह्नों का आवंटन किया जाएगा।

# श्रीगंगानगर में बारिश के साथ ओले गिरे: सीकर के श्रीमाधोपुर में 1 घंटे तक बरसा पानी; सीवरेज का गड्ढा धंसने से कार-पिकअप फंसी

**जयपुर।** राजस्थान में मानसून अंतिम चरण में है। इस बीच बुधवार को सीकर, श्रीगंगानगर, राजसमंद, पाली, करौली, जोधपुर और बीकानेर समेत कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। श्रीगंगानगर में तूफानी बारिश के साथ ओले गिरे। सीकर के श्रीमाधोपुर में दोपहर करीब 1.30 बजे करीब 1 घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई। देखते ही देखते शहर की सड़कें और गली-मोहल्लों में जगह-जगह पानी भर गया। पुराने बस स्टैंड पर श्रीगोपीनाथ मंदिर के नीचे बनी दुकानों में पानी भर गया।



बाजार में पानी की पाइप लाइन डालने के बाद गड्ढे को ठीक से नहीं भरा गया था। बारिश के दौरान यह गड्ढा और गहरा हो गया। इसी जगह सीवरेज का एक गड्ढा धंस गया, जिसमें एक कार और पिकअप गाड़ी फंस गई। इसके कारण लोगों को परेशानी हुई।

इधर, बीकानेर, चूरू, गंगानगर में मौसम बदलाव से पहले तेज गर्मी रही, यहां बुधवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री पर पहुंच गया। मौसम विज्ञान कंद्र जयपुर ने 19 सितंबर से मानसून की विदाई शुरू होने की संभावना जताई है। लेकिन इससे पहले 17, 18 सितंबर को राज्य के कुछ एरिया में हल्की से मध्यम बारिश होने का येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो जयपुर, कोटा, उदयपुर, जोधपुर और बीकानेर संभाग के एरिया में कहीं-कहीं हल्के बादल छाए और हल्की बारिश हुई। जबकि कई जगह मौसम साफ रहने से हल्की धूप रही। राजसमंद, सीकर, ब्यावर, करौली, कोटा, जोधपुर, श्रीगंगानगर, बीकानेर और पाली जिले में हल्की बारिश हुई। श्रीगंगानगर में कुछ जगहों पर ओले गिरे।

बीकानेर संभाग के जिलों में बुधवार को तेज गर्मी रही। श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री, चूरू में 39.8 डिग्री, बीकानेर में 39.4 डिग्री, झुंझुनूं-फलोदी में 38.4 डिग्री, फतेहपुर में 38 डिग्री, नागौर में 37.5 डिग्री, सीकर में 36.5 डिग्री, जैसलमेर में 36.4 डिग्री, जोधपुर में 34.5 डिग्री, करौली में 34.6 डिग्री दर्ज हुआ। दिन में सबसे ज्यादा गर्मी पिलानी में रही, जहां का अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री दर्ज हुआ।

पांच दशकों में 250 से अधिक फिल्मों में किया अभिनय

# अभिनेता अनंत को दादा साहब फाल्के पुरस्कार

थिंक राजस्थान • नई दिल्ली

हिंदी और कन्नड़ सिनेमा में 'मिंचिना ओटा', 'हंसगीते', 'अंकुर' और 'मंथन' जैसी फिल्मों में अपने दमदार अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले दिग्गज अभिनेता पद्म भूषण अनंत नाग को 2024 के दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। सरकार ने बुधवार को यह घोषणा की। पांच दशकों के फिल्मी सफर में 250 से अधिक फिल्मों में काम करने वाले अभिनेता अनंत नाग (78) रंगमंच की दुनिया की भी जानी-मानी शख्सियत हैं।



### पांच बार कर्नाटक राज्य फिल्म पुरस्कार

अनंत नाग को उनके अभिनय के लिए कई महत्त्वपूर्ण सम्मान मिल चुके हैं। उनके करियर में पांच कर्नाटक राज्य फिल्म पुरस्कार भी शामिल हैं। इसके अलावा वर्ष 2025 में भारत सरकार ने उन्हें देश के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म भूषण से सम्मानित किया था।

### फिल्मी सफरनामा

- अनंत नाग ने अपने करियर में 250 से ज्यादा फिल्में की
- फिल्म इंडस्ट्री के महान कलाकारों में गिने जाते हैं अनंत
- ज्यादातर कन्नड़ फिल्मों में काम किया
- वे हिंदी, मराठी, तेलुगु, तमिल और मलयालम फिल्में की
- अनंत- 'अंकुर', 'गौरी गणेश', 'मिनचिना ओटा', 'बेलादिंगाला बाले', और 'केजीएफ' जैसी शानदार फिल्मों में नजर आए

### पीएम मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अनंत नाग को इस सम्मान के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि अनंत नाग ने कई दशकों तक अपने शानदार अभिनय और अलग-अलग किरदारों के जरिए भारतीय सिनेमा, खासकर कन्नड़ सिनेमा पर गहरी छाप छोड़ी है।

# सेंसर बोर्ड में पंकज प्रीति और शेट्टी की एंट्री

नई दिल्ली। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन का पुनर्गठन कर दिया है। सरकार की ओर से बुधवार को जारी इस फैसले में सिनेमा, टीवी, संगीत और कला जगत की कई नामचीन हस्तियों को शामिल किया गया है। 18 सदस्यों की इस नई कमिटी में एक्ट्रेस प्रीति जिंटा, सुनील शेट्टी, टीवी स्टार रूपाली गांगुली, पल्लवी जोशी, पंकज त्रिपाठी और बंगाली सिनेमा के दिग्गज एक्टर प्रसेनजीत चटर्जी जैसे बड़े चेहरे शामिल किए गए हैं। इस नए बोर्ड का कार्यकाल पद संभालने के दिन से अगले तीन साल या फिर नए आदेश आने तक के लिए रहेगा. यह नई कमिटी तुरंत प्रभाव से लागू हो गई है।

# प्रोबेशन में 100% वेतन के आदेश को SC में चुनौती

### एमपी सरकार ने कहा- नियम बनाने का अधिकार हमारा; हाईकोर्ट ने पूरा वेतन देने को कहा था

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में सीधी भर्ती से नियुक्त तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को प्रोबेशन पीरियड में 70%, 80% और 90% वेतन देने की व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने 8 सितंबर को इस व्यवस्था को रद्द करते हुए कर्मचारियों को नियुक्ति की तारीख से 100% वेतन देने का आदेश दिया था।

राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की मांग की है। सरकार ने इसके लिए 13 प्रमुख आधार बताए हैं। उसका कहना है कि 2019 से अब तक प्रोबेशन पर रहे कर्मचारियों को 100% वेतन के हिसाब से अंतर की राशि एक साथ देने पर राज्य के खजाने पर बड़ा अतिरिक्त भार पड़ेगा।

सरकार के मुताबिक पुराने कर्मचारियों के एरियर के भुगतान के साथ बढ़े हुए वेतन का असर भविष्य की भर्तियों के बजट प्रबंधन पर भी पड़ सकता है। याचिका में पुलिस, पटवारी और शिक्षक भर्ती जैसी बड़ी नियुक्तियों का उल्लेख किया गया है। राज्य का कहना है कि पुराने एरियर के भुगतान और नई भर्तियों के वित्तीय प्रबंधन का असर पूंजीगत कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं के बजट पर भी पड़ सकता है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का किसानों को बड़ा तोहफा: किसानों को उनका हक समय पर मिले यही हमारी प्राथमिकता- डॉ. किरोड़ी लाल

# किसानों को अटल भूजल योजना के लंबित ₹156 करोड़ का भुगतान

थिंक राजस्थान • जयपुर

**जयपुर।** भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा संचालित "अटल भूजल योजना" का क्रियान्वयन राज्य के 17 जिलों में 01 अप्रैल 2020 से किया जा रहा था। योजनान्तर्गत फार्म पौंड, सिंचाई पाइपलाइन, डिग्गी, कृषि यंत्र एवं फसल बदलाव मिनिकिट, फव्वारा, मिनी स्प्रिंकलर, ड्रिप आदि बनाये गये थे। भारत सरकार द्वारा 15 अक्टूबर 2025 के बाद योजना का क्रियान्वयन नही होने के कारण राज्य के किसानों की 158 करोड़ रुपये की सब्सिडी राशि का भुगतान शेष रह गया था जिसमें से कृषि विभाग की 90.91 करोड़ रुपये तथा उद्यानिकी विभाग 66.16 करोड़ रुपये की राशि शेष रह गयी।

राजस्थान सरकार ने केंद्र सरकार से इन लंबित दायित्वों के भुगतान हेतु कई बार गंभीर प्रयास किए। इस संबंध में मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार, माननीय कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री, राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष, मुख्य सचिव द्वारा जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार से पत्राचार एवं प्रयास किए गए। परंतु राज्य सरकार द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति योजना देरी से जारी करने एवं केंद्र सरकार द्वारा 15 अक्टूबर 2025 के बाद योजना का कियान्वयन नही किये जाने के कारण अनुदान का भुगतान करने में असमर्थता जताई, ऐसे में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा उदारता एवं किसानों के प्रति गहरी संवेदनशीलता दिखाते हुए इन देनदारियों का भुगतान राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि (SDMF) से करने का निर्णय लिया।



### वित्त विभाग की स्वीकृति एवं आवंटन

वित्त विभाग द्वारा अटल भूजल योजना अंतर्गत लंबित देनदारियों को "राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि (SDMF)" से भुगतान किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। कृषि आयुक्त, नरेश गोयल द्वारा संबंधित जिला परिषदों/जिला कृषि अधिकारियों को बजट आवंटन आदेश जारी कर दिए गए है तथा संबंधित जिला अधिकारियों को तत्काल सत्यापन पूर्ण कर पात्र किसानों को भुगतान सुनिश्चित करने हेतु आदेशित किया है। यह राशि कृषि विभाग की लंबित देनदारियों (लगभग 90 करोड़ रुपये) के भुगतान हेतु आवंटित की गई है। उद्यानिकी विभाग की देनदारियों हेतु भी अलग से शीघ्र कार्यवाही की जा रही है। कृषि मंत्री किरोड़ी लाल ने बताया कि विभाग किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी प्रकार के भुगतान शीघ्र किये जा रहे हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### आनंदपुर कालू में धार्मिक उल्लास के साथ शुभारम्भ हुआ दशलक्षण पर्युषण पर्व



थिंक राजस्थान • आनंदपुर कालू

कस्बे में दिगम्बर जैन समाज की ओर से दशलक्षण पर्युषण पर्व का शुभारम्भ श्रद्धा, भक्ति एवं धार्मिक उल्लास के साथ किया गया । पर्व को लेकर जैन समाज में उत्साह का माहौल रहा। बुधवार को दिगम्बर जैन नया मंदिर एवं दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में धार्मिक आयोजनों का शुभारंभ भगवान महावीर स्वामी की नित्य नियम पूजा-अर्चना एवं अभिषेक के साथ दशलक्षण पर्युषण पर्व के प्रथम दिन उत्तम क्षमा धर्म का विधिवत पूजन किया गया। श्रद्धालुओ ने धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर धर्म लाभ लिया पूजन कार्यक्रम में महावीर प्रसाद बोहरा, लूणकरण जैन, महावीर प्रसाद कोठारी जयकुमार पाटनी, दौलतचंद कासलीवाल, सुनिल कासलीवाल राजेश कासलीवाल बछराज पाटनी रजत बोहरा लालचन्द जैन आनन्द जैन राकेश कोठारी ललित जैन अमित जैन संतोष जैन, सुमित्रा जैन मधु बोहरा, लक्ष्मी जैन, सरिता, मंजू जैन, ममता, सीमा, मोनिका सहित श्रदालुओं ने धार्मिक आयोजन में भाग लिया सायकालीन आरती की गई।

### तेजा मेला की विधिवत शुरुआत, गणपति और तेजाजी महाराज को दिया निमंत्रण

थिंक राजस्थान • ब्यावर

ब्यावर के प्रसिद्ध तेजा मेला 2026 की तैयारियों के तहत बुधवार को विधिवत निमंत्रण देने के साथ आयोजन की शुरुआत हुई। गणपति जी और वीर तेजाजी महाराज को विधिवत निमंत्रण अर्पित किया गया। इसके साथ ही नगर परिषद परिसर में बालाजी महाराज को भी मेले में पधारने का निमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर कमल राम मीणा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्म लाल जाट, पुलिस अधीक्षक रतन सिंह राठौड़, नगर परिषद आयुक्त कीर्ति कुमावत सहित अन्य अधिकारी और आयोजन से जुड़े लोग मौजूद रहे। हर वर्ष की तरह इस बार भी प्रसिद्ध वीर तेजा मेला प्रशासन की देखरेख में आयोजित होगा। मेले को लेकर शहरवासियों में उत्साह नजर आने लगा है।

### जोधपुर: वार्ड 50 के बूथ संख्या 338 पर पुनर्मतदान, 72.39 प्रतिशत मतदान

थिंक राजस्थान • जोधपुर

**742 मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग**

नगर निकाय आम चुनाव-2026 के तहत जोधपुर नगर निगम के वार्ड संख्या 50 के मतदान केन्द्र संख्या 338 के पुनर्मतदान प्रक्रिया बुधवार को शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से सम्पन्न हुई। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी अंतिम आंकड़ों के अनुसार मतदान केन्द्र संख्या 338 में कुल 1025 पंजीकृत मतदाताओं में से 742 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार अंतिम मतदान प्रतिशत 72.39 प्रतिशत रहा। समयानुसार जारी आंकड़ों के अनुसार प्रातः 10 बजे तक 237 मतदाताओं ने मतदान किया, जो 23.12 प्रतिशत रहा। दोपहर 1 बजे तक 431 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया और मतदान प्रतिशत 42.05 रहा। दोपहर 3 बजे तक 542 मतदाताओं के मतदान के साथ मतदान प्रतिशत 52.88 रहा, जबकि सायं 6 बजे तक 742 मतदाताओं ने मतदान किया, जिसका प्रतिशत 72.39 रहा। अंतिम आंकड़ों में कुल 742 मतदाताओं द्वारा मतदान किए जाने के साथ मतदान प्रतिशत 72.39 दर्ज किया गया।

### पाली: प्राधिकरण सचिव विक्रमसिंह भाटी ने जिला कारागृह का लिया जायजा

थिंक राजस्थान • पाली

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) पाली विक्रमसिंह भाटी ने बुधवार को जिला कारागृह का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुल 101 बंदी जिला कारागृह, पाली में निरूद्ध मिले। सचिव भाटी द्वारा बन्दीगण से वार्तालाप कर कारागृह में भोजन-पेयजल, चिकित्सीय सुविधा, सफाई व्यवस्था इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त ऐसा कोई भी बन्दी जो निजी अधिवक्ता करने में असमर्थ हो या विधिक सहायता के अभाव में बिना अधिवक्ता के कारागृह में निरूद्ध रहने को मजबूर हो, इसके लिए सचिव भाटी ने कारागृह में निरूद्ध बन्दीगण को निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी गई। साथ ही ऐसे बन्दी जिनकी जमानत होने के उपरांत भी कारागृह में निरूद्ध हो इस संबंध में भी जानकारी ली गई तथा बंदियों को उनके प्रकरणों की स्थिति के बारे में बताया। सचिव भाटी द्वारा बंदियों से वार्तालाप कर समस्याओं के बारे में पूछा तथा नवआगन्तुक बंदियों से वार्तालाप कर वक्त घटना/आरोपित अपराध के समय उनकी आयु के संबंध में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान जिला कारागृह कारापाल जोराराम, उपकारापाल नरेश, जेल विजिटिंग लॉयर अल्ताफ हुसैन आदि उपस्थित रहे।

## बिलाड़ा नगरपालिका; भाजपा के महेंद्रसिंह पालावत, कांग्रेस के नरेंद्रसिंह और निर्दलीय तुलछाराम काग मैदान में

# अध्यक्ष की कुर्सी के लिए 3 दावेदार, तीनों एक ही समाज से










### ▪ निर्दलीय की एंट्री से बदले समीकरण, क्रॉस वोटिंग की चर्चा तेज

थिंक राजस्थान • बिलाड़ा

जिले की सबसे बड़ी बिलाड़ा नगरपालिका में चुनाव परिणाम सामने आने के साथ ही अध्यक्ष पद की कुर्सी को लेकर राजनीतिक पैंतरेबाजी तेज हो गई है। भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों के बीच मुकाबले में उस समय नया ट्विस्ट आ गया, जब निर्दलीय पार्षद तुलछाराम काग ने भी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल कर दिया। निर्दलीय प्रत्याशी की एंट्री से अध्यक्ष पद का चुनाव दिलचस्प हो गया है और पार्षदों में संभावित क्रॉस वोटिंग को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। खास बात यह है कि अध्यक्ष पद के तीनों दावेदार सिरवी समाज से हैं। पालिका चुनाव में भी सिरवी समाज के कई पार्षद निर्वाचित हुए हैं तथा भाजपा और कांग्रेस दोनों खेमों में इस समाज के पार्षद मौजूद हैं। ऐसे में सामाजिक समीकरणों के साथ-साथ दलगत निष्ठा और व्यक्तिगत संपर्क भी चुनाव में महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं।

बुधवार को भाजपा की ओर से महेंद्रसिंह पालावत पार्टी प्रभारी लक्ष्मी बारूपाल के साथ उपखंड कार्यालय पहुंचे और अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी नरेंद्रसिंह ने पीसीसी सदस्य परशुराम बिश्नोई के साथ पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया। इसी दौरान निर्दलीय पार्षद तुलछाराम काग ने भी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रस्तुत कर दोनों प्रमुख दलों के सामने नया समीकरण खड़ा कर दिया।

### भाजपा के पास स्पष्ट बहुमत, फिर भी क्रॉस वोटिंग की चिंता

नगरपालिका चुनाव परिणाम में भाजपा के 24 पार्षद, कांग्रेस के 12 पार्षद और 4 निर्दलीय पार्षद निर्वाचित हुए हैं। अध्यक्ष पद के लिए बहुमत का आंकड़ा 21 है। इस लिहाज से भाजपा के पास अपने दम पर बहुमत मौजूद है। इसके बावजूद निर्दलीय प्रत्याशी की दावेदारी और क्रॉस वोटिंग की संभावनाओं ने भाजपा की चिंता बढ़ा दी है। अध्यक्ष पद के चुनाव में एक-दो वोटों का फेर भी समीकरणों को प्रभावित कर सकता है। ऐसे में दोनों प्रमुख दल अपने-अपने पार्षदों को एकजुट रखने के साथ-साथ संभावित राजनीतिक समीकरणों पर नजर बनाए हुए हैं।

#### भाजपा: बाड़ाबंदी में सुरक्षा बढ़ी

अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर भाजपा ने अपने पार्षदों की बाड़ाबंदी कर रखी है। बुधवार को बाड़ाबंदी स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत किए जाने की चर्चा रही। पार्टी अपने पार्षदों को मतदान तक एकजुट रखने तथा किसी भी तरह की सेंधमारी की संभावना को रोकने के लिए रणनीति पर काम कर रही है। भाजपा के पास स्पष्ट बहुमत होने के बावजूद क्रॉस वोटिंग की आशंका पार्टी के लिए चुनौती बनी हुई है।

#### कांग्रेस ने हटाई बाड़ाबंदी

दूसरी ओर कांग्रेस ने अपने पार्षदों की बाड़ाबंदी हटा दी है। अब पार्टी व्यक्तिगत संपर्क और समर्थन जुटाने की रणनीति पर जोर दे रही है। कांग्रेस खेमे की नजर निर्दलीय पार्षदों के संभावित रुख पर भी टिकी हुई है। चार निर्दलीय पार्षद अध्यक्ष पद के चुनाव में समीकरणों को प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे में तीनों प्रत्याशियों के बीच मुकाबला रहने की स्थिति में निर्दलीय पार्षदों की भूमिका पर भी सभी की निगाहें रहेंगी।

**शुक्रवार को नाम वापसी के बाद साफ होगी तस्वीर: ▪ अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल होने के बाद अब शुक्रवार को नाम वापसी की अंतिम तारीख है। नाम वापसी के बाद ही चुनावी तस्वीर पूरी तरह साफ होगी।**

#### विधायक के प्रयासों के बीच सांसद की दखल की चर्चा

अध्यक्ष पद को लेकर चल रही राजनीतिक कवायद के बीच स्थानीय स्तर पर विधायक के प्रयासों के साथ सांसद की कथित दखलंदाजी भी चर्चा का विषय बनी हुई है। हालांकि इस संबंध में दोनों पक्षों की ओर से आधिकारिक तौर पर कोई स्पष्ट स्थिति सामने नहीं आई है। ऐसे में शुक्रवार को नाम वापसी और इसके बाद होने वाले मतदान पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

## अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई

# बोरुन्दा थाना पुलिस ने 7.21 ग्राम स्मैक के साथ 2 तस्करों को पकड़ा, मोटरसाइकिल जब्त

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण पंकज यादव निर्देषन में अवैध मादक पदार्थ तस्करो के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना बोरून्दा टीम ने 07.21 ग्राम स्मैक बरामद करते हुए 02 आरोपी को गिरफतार किया, आरोपी के कब्जे से एक मोटरसाईकिल जब्त करने मे सफलता प्राप्त की।





जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण के निर्देषन में अवैध मादक पदार्थो का परिवहन व बिक्री की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर जिले के सभी थानाधिकारियों को विशेष निर्देश दिये गये, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेष्वरलाल के सुपरविजन में व मनीष देव वृताधिकारी वृत बिलाडा के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी सुजानाराम निपु पुलिस थाना बोरून्दा द्वारा खास मुखबीरी ईतलानुसार कार्यवाही करते हुए पीपाड रोड बोरूंदा से एक मोटरसाईकिल आरजे 54 एसए 5331 व सवार धनराज पुत्र कन्हैयालाल जाति राव उम्र 38 साल निवासी माताजी मंदिर के पास न्यु कॉलोनी बोरूंदा पुलिस थाना बोरूंदा जिला जोधपुर ग्रामीण व इरफान खान पुत्र अब्दुल गफार उम्र 25 साल जाति मुसलमान कुरेषी निवासी गुलशन कॉलोनी बोरूंदा पुलिस थाना बोरूंदा जिला जोधपुर ग्रामीण को दस्तयाब कर तलाषी ली गई तो आरोपीगणो के पास कुल 07.21 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक मिली। जिसपर स्मैक व मोटरसाईकिल को जब्त किया जाकर आरोपीगणों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्व किया गया है। आरोपीगणो से अवैध मादक पदार्थ एमडी के खरीद फरोख्त के सम्बन्ध मे अग्रिम अनुसंधान जारी है।

#### गिरफ्तार मुल्जिम

1. धनराज पुत्र कन्हैयालाल जाति राव उम्र 38 साल निवासी माताजी मंदिर के पास न्यु कॉलोनी बोरूंदा पुलिस थाना बोरूंदा जिला जोधपुर ग्रामीण
2. इरफान खान पुत्र अब्दुल गफार उम्र 25 साल जाति मुसलमान कुरेषी निवासी गुलषन कॉलोनी बोरूंदा पुलिस थाना बोरूंदा जिला जोधपुर ग्रामीण

उक्त कार्यवाही मे भूमिका निभाने वाले सुजानाराम निपु थानाधिकारी पुलिस थाना बोरून्दा, कानिस्टेबल भागीरथ विष्नोई, सुभाष, हरसुखराम, रामनरेष की विषेष भूमिका रही।

## विकसित भारत-जन सेवा अभियान

# 17 सितंबर को 8 स्थानों पर लगेंगे रक्तदान शिविर

### ▪ 270 यूनिट रक्त संग्रहण का लक्ष्य, युवाओं से स्वैच्छिक रक्तदान की अपील

थिंक राजस्थान • जोधपुर

विकसित भारत-जन सेवा अभियान के तहत 17 सितंबर को जिले में विभिन्न स्थानों पर 8 रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में कुल 270 यूनिट रक्त संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है। जिला प्रशासन एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से युवाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं आमजन से अधिकाधिक संख्या में स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की गई है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार खाटोड़ में एमडीएम ब्लड बैंक के सहयोग से 100 यूनिट, एमडीएम ब्लड बैंक (इन हाउस) में 40 यूनिट, एम्स ब्लड बैंक (इन हाउस) में 20 यूनिट, उम्मेद ब्लड बैंक (इन हाउस) में 25 यूनिट, एमजीएच ब्लड बैंक (इन हाउस) में 20 यूनिट, अम्बिका ब्लड बैंक (इन हाउस) में 20 यूनिट, जेआईटी ब्लड सेंटर (इन हाउस) में 20 यूनिट तथा राज ब्लड सेंटर (इन हाउस) में 25 यूनिट रक्त संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति आमजन को प्रेरित करते हुए रक्तदान शिविरों में रक्तदाताओं का पंजीकरण एवं आवश्यक चिकित्सकीय जांच के उपरांत रक्त संग्रहण किया जाएगा। रक्तदान से पूर्व रक्तदाता की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जांच की जाएगी तथा चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त पाए जाने पर ही रक्तदान कराया जाएगा। अभियान के तहत आयोजित इन शिविरों का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देना है।

# डिजिटल इंडिया पर कड़ाई से तमाचा; आधार कार्ड की 2 फोटो प्रतियां लाने पर होगी महिलाओं की सोनोग्राफी

थिंक राजस्थान • बाड़मेर

सरकार चाहे लाखों जतन करें तरक्की के लेकिन सरकारी सिस्टम तो आजकल रामभरोसे है इसमें कोई शक नहीं, बात करते हैं सरकारी अस्पतालों में इलाज करवाने आने वाली गर्भवती महिलाओं की जिन्हें अस्पताल से आधार कार्ड पर आनलाइन पर्चियों द्वारा निशुल्क ईलाज किया जाता है और दवाईयों सहित और भी कई जाचं पड़ताल निशुल्क किया जाता है ये सब तारिकऐ काबिल है लेकिन सोनोग्राफी केंद्रों के आगे लम्बी भीड़ में महिलाओं से आधार कार्ड की दो दो फोटोकॉपी लेकर आने की मांग करते ही आधी तकलीफ तो महिलाओं की हुई शुरू, कारण वही पर कोई फोटोकॉपी करने की कोई सुविधा नहीं होती है अस्पताल से बाहर जाकर परिजनों द्वारा या फिर इलाज करवाने आई महिलाओं को बाहरी दुकानों से आधार कार्ड फोटोकॉपी लाने के बाद में पुनः लम्बी लाइनों में लगना अनिवार्य है लेकिन डिजिटल इंडिया के युग में दो दो फोटोकॉपी लाने की मांग जिसने भी शुरू करवाई है उन्हें महिलाओं की परेशानियों से कोई मतलब नहीं महिलाओं को इलाज करवाने की जरूरत होती है और बिना आधार कार्ड फोटोकॉपी लाने के होगी नहीं वैसे बाड़मेर में जिलाधिकारी भी पहले और आजकल भी एक महिला है लेकिन उनके दुख दर्द महसूस करेगी



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में संचालित सोनोग्राफी केंद्रों के नियमित निरीक्षण एवं पीसीपीएनडीटी अधिनियम की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 1 सितंबर से 20 सितंबर 2026 तक विशेष निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला पीसीपीएनडीटी नोडल अधिकारी डॉ. विष्णुराम विश्नोई ने बताया कि राज्य समुचित प्राधिकारी (पीसीपीएनडीटी) एवं मिशन निदेशक, एनएचएम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, राजस्थान, जयपुर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार जिले में पंजीकृत सभी सोनोग्राफी संस्थानों का निर्धारित अवधि में नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। पीसीपीएनडीटी नियम, 1996 के नियम 18(6)(i) के अनुसार समुचित प्राधिकारी द्वारा सभी पंजीकृत सुविधाओं का प्रत्येक 90 दिवस में कम से कम एक बार निरीक्षण किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विशेष निरीक्षण अभियान के तहत बाड़मेर जिले के सभी उपखंडों बाड़मेर, गुड़ामालानी, शिव, चौहटन, सेड़वा एवं धोरीमन्ना में संचालित सभी 35 क्रियाशील सोनोग्राफी केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है।निरीक्षण के दौरान पीसीपीएनडीटी अधिनियम एवं नियमों के तहत आवश्यक रिकॉर्ड, दस्तावेज, मशीनों के उपयोग, पंजीयन संबंधी प्रावधानों तथा निर्धारित प्रक्रियाओं की पालना की जांच की जा रही है।

विशेष निरीक्षण अभियान के दौरान बुधवार को बाड़मेर शहर में बाड़मेर डायग्नोस्टिक सेंटर,सावारिया डायग्नोस्टिक सेंटर तथा स्नेह आईवीएफ फर्टिलिटी नेहरू नगर बाड़मेर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल द्वारा केंद्रों में पीसीपीएनडीटी अधिनियम के तहत निर्धारित प्रावधानों एवं रिकॉर्ड की जांच की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण कार्य मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला पीसीपीएनडीटी नोडल अधिकारी डॉ. विष्णुराम विश्नोई के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। निरीक्षण दल में डॉ. विष्णुराम विश्नोई, जिला कार्यक्रम समन्वयक राकेश भाटी तथा पीसीपी एनडीटी सैल से मूलाराम धनदे शामिल रहे। सीएमएचओ डॉ. विष्णुराम विश्नोई ने कहा कि पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रावधानों की पालना सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता है। सोनोग्राफी केंद्रों के निरीक्षण के माध्यम से रिकॉर्ड संधारण एवं निर्धारित नियमों की पालना की नियमित समीक्षा की जा रही है। निरीक्षण की दैनिक रिपोर्ट राज्य स्तर पर निदेशालय को भेजी जा रही है।

# पाली: महापौर चुनाव को लेकर निगम कार्यालय में बढ़ी हलचल: आठ प्रत्याशियों को 13 नामांकन पत्र वितरित, 6 ने जमा किए 10 नामांकन

थिंक राजस्थान • पाली






पाली नगर निगम आम चुनाव के बाद अब महापौर पद के निर्वाचन को लेकर राजनीतिक एवं प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। बुधवार को महापौर पद के लिए नामांकन प्रक्रिया के दौरान निगम कार्यालय में सुबह से ही प्रत्याशियों एवं समर्थकों की आवाजाही बनी रही। नामांकन को लेकर बढ़ी भीड़ को देखते हुए निर्वाचन विभाग की ओर से निगम कार्यालय परिसर में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए। वहीं, नगर निगम के शेष नवनिर्वाचित पार्षदों को भी बुधवार को शपथ दिलाई गई।

रिटर्निंग अधिकारी नगर निगम शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि महापौर पद के निर्वाचन के लिए बुधवार तक कुल 8 प्रत्याशियों को 13 नामांकन पत्र वितरित किए गए हैं। इनमें से अब तक 6 प्रत्याशियों ने कुल 10 नाम निर्देशन पत्र जमा करवाए हैं। राजबाला हिंगड ने दो, सुमित्रा जैन ने दो, पुष्पा ने दो तथा नमिता बुबकिया ने दो नामांकन पत्र जमा करवाए हैं। वहीं कुसुम सोनी एवं रशीदा बानो ने एक-एक नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन प्रक्रिया के दौरान निगम कार्यालय में प्रत्याशियों के साथ समर्थकों की भी आवाजाही रही। निर्वाचन विभाग की ओर से नामांकन प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं।

### आज होगी की संवीक्षा

सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि गुरुवार को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। संवीक्षा के बाद वैध पाए गए नामांकन पत्रों के आधार पर आगे की निर्वाचन प्रक्रिया संचालित होगी। उन्होंने बताया कि संवीक्षा के बाद शुक्रवार को दोपहर 3 बजे तक अभ्यर्थियों को नाम वापस लेने का अवसर दिया जाएगा।

### शेष नवनिर्वाचित पार्षदों को दिलाई शपथ

नगर निगम आम चुनाव में निर्वाचित शेष पार्षदों को बुधवार को शपथ भी दिलाई गई। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत निर्वाचित पार्षदों को पद एवं दायित्वों की शपथ दिलाई गई। शपथ कार्यक्रम के दौरान निर्वाचन से जुड़े अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे। इस अवसर पर विशेषाधिकारी निर्वाचन पाली चौधरी बिरजू गोपाल, उप पंजीयक प्रथम शिवजीराम बावरी, तहसीलदार सुनील कुमार, तहसीलदार निर्वाचन नेहा चौधरी, सुरेश कुमार व्यास, ललित कुमार दवे, महेन्द्र बैरवा, ताराचंद सेजू, रामलाल मानपुरा सहित कार्मिक उपस्थित रहे।

## पाली में कांग्रेस के महापौर सिंबल को लेकर विवाद

# कांग्रेस विधायक भीमराज भाटी के भाई पर हमला, स्कूटी से गिराकर पीटा; फटे कपड़ों में थाने पहुंचे

- सुमित्रा जैन का सिंबल जमा कराने पहुंचे कांग्रेस विधायक भीमराज भाटी के भाई लक्ष्मीनारायण भाटी की स्कूटी गिराकर मारपीट की और कपड़े फाड़ दिए गए ▪ आरोप है कि हमलावर लिफाफा लेकर भाग गए

थिंक राजस्थान • पाली



कांग्रेस में महापौर पद के सिंबल को लेकर बुधवार को विवाद हो गया। पार्टी की ओर से प्रत्याशी सुमित्रा जैन के नाम का सिंबल जमा कराने पहुंचे कांग्रेस विधायक भीमराज भाटी के भाई लक्ष्मीनारायण भाटी के साथ एक प्रत्याशी के कुछ समर्थकों ने मारपीट कर दी। आरोप है कि हमलावर उनके पास मौजूद प्रदेश कांग्रेस कमेटी का लिफाफा लेकर भाग गए। घटना के बाद लक्ष्मीनारायण भाटी ने कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज करवाई। कांग्रेस के सिंबल पर महापौर चुनाव लड़ने के लिए सुबह पूर्व नगर परिषद सभापति की पत्नी राजबाला हिंगड़ और प्रदेश महिला आयोग की पूर्व सदस्य सुमित्रा जैन ने नामांकन दाखिल किया। इसके बाद दोपहर में विधायक भाटी के भाई लक्ष्मीनारायण कांग्रेस प्रतिनिधि के साथ पार्टी का सिंबल जमा कराने नगर निगम कार्यालय पहुंचे। सिंबल जमा कराने के बाद दोनों एक बार वहां से लौट गए। इसके बाद दोपहर 3:03 बजे लक्ष्मीनारायण भाटी व प्रतिनिधि फिर स्कूटी से निगम कार्यालय के बाहर पहुंचे। उस समय निगम का गेट बंद था और पुलिसकर्मियों ने उन्हें अंदर जाने की अनुमति नहीं दी। परिसर में मौजूद एक प्रत्याशी के समर्थकों ने बाहर खड़े भाटी और कांग्रेस प्रतिनिधि से लिफाफा देने को कहा।

लिफाफा नहीं देने पर समर्थकों ने जबरन दरवाजा खोलने का प्रयास किया, लेकिन वे सफल नहीं हुए। इसके बाद कांग्रेस प्रतिनिधि वहां से चले गए। लक्ष्मीनारायण भाटी भी एक अन्य व्यक्ति के साथ स्कूटी से रवाना हुए। कुछ समर्थकों ने बाइक से उनका पीछा किया और विवेकानंद सर्किल के पास उनकी स्कूटी गिरा दी। इसके बाद उनसे मारपीट कर कपड़े फाड़ दिए। हमलावर उनके पास मौजूद लिफाफा लेकर फरार हो गए।

### लिफाफा लेकर आरओ कक्ष में जाने पर अड़े समर्थक

घटना के कुछ ही मिनट बाद निगम में मौजूद एक प्रत्याशी के समर्थकों को बाहर से एक लिफाफा दिया गया। इसके बाद वे तत्काल रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष की ओर जाने लगे। उन्होंने पुलिसकर्मियों से निगम परिसर में मौजूद होने का हवाला देते हुए ऊपर जाने की अनुमति मांगी, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इसको लेकर समर्थकों और पुलिसकर्मियों के बीच करीब आधे घंटे तक बहस होती रही। इसके बावजूद उन्हें इजाजत नहीं दी गई।

### पार्टी का सिंबल जमा हो चुका था

*हमारी पार्टी का सिंबल 2:40 बजे ही जमा हो चुका था। विधायक के भाई व हमारे प्रतिनिधि एक दूसरा आवेदन जमा कराने निगम कार्यालय आए थे। उन्हें प्रवेश नहीं देने पर प्रतिनिधि पाली से रवाना हो गए। वहीं भाटी स्कूटी पर जा रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने हमला कर दिया।*

**-शिशुपाल सिंह निंबाड़ा, जिलाध्यक्ष, कांग्रेस, पाली**

### महापौर पद की दौड़ में कांग्रेस की सुमित्रा

पाली नगर निगम चुनाव के तहत महापौर पद के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि बुधवार को पूरी हो गई। अंतिम दिन 6 प्रत्याशियों ने कुल 10 नामांकन पत्र दाखिल किए। जबकि नामांकन प्रक्रिया के दौरान 8 प्रत्याशियों ने 13 नामांकन पत्र लिए थे। कांग्रेस ने दोपहर 2:27 बजे सुमित्रा जैन और भाजपा ने 2:30 बजे नमिता बुबकिया के नाम का सिंबल जमा कराया। नामांकन को लेकर सुबह 10 बजे से ही नगर निगम कार्यालय में प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की आवाजाही शुरू हो गई थी। रिटर्निंग अधिकारी नगर निगम शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि महापौर पद के निर्वाचन के लिए 8 प्रत्याशियों को 13 नामांकन पत्र वितरित किए थे। इनमें से 6 प्रत्याशियों ने 10 नाम निर्देशन पत्र जमा करवाए हैं।

## 30 लाख के गहने चोरी: वृद्धा चिल्लाई तब तक चोर भाग गए

**पाली**। ट्रांसपोर्ट नगर थाना एरिया के जगदंबा कॉलोनी में चोर 30 लाख रुपए के सोने-चांदी के गहने और एक लाख रुपए कैश चोरी कर ले गए। जाते जाते चोर अपनी कैप भूल गए। पीड़ित परिवार ने थाने में इसको लेकर रिपोर्ट दी है।

शहर के ट्रांसपोर्ट नगर जगदम्बा कॉलोनी में रहने वाले शिवराम पुत्र जीवाराम भाट के घर में मंगलवार अलसुबह चोरी हुई । पूरा परिवार घर में बरामदे में सो रहा था। इस दौरान चोर कमरे में रखे संदूक से 20-25 तोला सोने, 07 किलो चांदी और एक लाख रुपए कैश चोरी कर ले गया। खटपट की आवाज सुनकर वृद्धा राधा देवी जगी ओर चिल्लाई लेकिन चोर भाग गए। परिवार के लोग उठे तब तक चोर फरार हो गए। पीड़ित राधा देवी ने बताया कि करीब 20-25 तोला सोने, 07 किलो चांदी और एक लाख रुपए कैश चोर ले गए। पीड़ित परिवार का मकान अधूरा पड़ा है। कमरों के भी दरवाजे नहीं लगे है। ऐसे में चोर आराम से घर में घुसे और चोर और गहने और रुपए चोरी कर ले गए।

# बाली: रोडवेज बस को बचाने में मिनी ट्रक खाई में लटका, बड़ा हादसा टला

### ड्राइवर सुरक्षित बाहर निकला; देसूरी नाल में मोड़ के चलते बैलेंस बिगड़ा



**बाली**। देसूरी नाल में बुधवार को बड़ा हादसा टल गया। मिनी आयशर ट्रक सामने से आ रही रोडवेज बस को बचाने की कोशिश में बेकाबू होकर सड़क किनारे चला गया। ट्रक का अगला हिस्सा नदी की खाई की ओर लटक गया, लेकिन वह आधा सड़क पर और आधा खाई के मुहाने पर अटक गया। इससे एक बड़ा हादसा टल गया।

यह मिनी आयशर ट्रक देसूरी की ओर आ रहा था। देसूरी नाल में गजानंदजी मंदिर के आगे मोड़ के पास सामने से एक रोडवेज बस आ रही थी। बस को बचाने के प्रयास में चालक ने ट्रक को सड़क के किनारे लिया। इसी दौरान वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने पाथ से टकराया और पलटते हुए खाई की ओर चला गया। ट्रक खाई में गिरने ही वाला था कि उसका चेसिस, बैटरी व टूल्स बॉक्स और एक पेड़ सहारा बन गए। इन्हीं के सहारे वाहन खाई के मुहाने पर अटक गया और पूरी तरह नीचे गिरने से बच गया। हादसे के बाद मौके से गुजर रहे वाहन चालकों की भीड़ जमा हो गई। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर चारभुजा पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक में फंसे चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे में चालक को गंभीर चोट नहीं आई है। हादसे की सूचना मिलने पर देसूरी पुलिस भी मौके पर पहुंची। खाई के मुहाने पर खतरनाक स्थिति में अटके मिनी ट्रक को बाद में क्रेन की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला गया।

# विकसित भारत-जन सेवा अभियान 17 सितंबर से

थिंक राजस्थान • पाली

पाली जिले में 'विकसित भारत-जन सेवा अभियान' का आयोजन 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर, 2026 तक किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य जनसेवा, सामाजिक सरोकार एवं सुशासन की भावना को सुदृढ़ करने के साथ विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी को व्यापक स्तर तक पहुंचाना तथा आमजन, किसानों, महिलाओं एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। अभियान के माध्यम से 'विकसित भारत' के लक्ष्यों की दिशा में जनभागीदारी आधारित गतिविधियों को गति दी जाएगी।

अभियान के तहत आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम 17 सितम्बर को सायं 7 बजे, रक्तदान शिविर 17 सितम्बर को, मेरे सपनों का भारत-चित्रसेवा कार्यक्रम 17 सितम्बर से 8 अक्टूबर, नमो सेवा-अनकही कहानियां की गतिविधियां ग्रामीण क्षेत्र में 18 से 25 सितम्बर एवं शहरी क्षेत्र में 22 सितम्बर से 17 अक्टूबर, आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम 25 से 27 सितम्बर, सेवा की कहानी 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर, सेवा ज्योति कलश यात्रा कार्यक्रम 7 अक्टूबर, सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम 2 अक्टूबर को, सेवा सेतु अभियान कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र में 19 से 25 सितम्बर एवं शहरी क्षेत्र में 8 अक्टूबर से 16 अक्टूबर , सेवा के रंग राष्ट्र के संग कार्यक्रम 24 सितम्बर एवं 11 अक्टूबर, सेवा फर्स्ट इनोवेशन चौलेंज कार्यक्रम 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तथा सुशासन सेवा संवाद कार्यक्रम निर्धारित शेडयुल के अनुसार सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के सफल संचालन के लिए राज्य, जिला एवं स्थानीय स्तर पर जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं।

जिला स्तर पर जिला कलेक्टर द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर जिला स्तरीय कार्ययोजना तैयार कराई जाएगी तथा प्रत्येक गतिविधि के लिए स्पष्ट दायित्व निर्धारित किए जाएंगे। ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, उपखंड, नगरीय निकाय एवं वार्ड स्तर तक गतिविधियों की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायती राज संस्थाओं, नगरीय निकायों, विद्यालय-महाविद्यालयों, स्वयंसेवी संस्थाओं, युवा समूहों एवं महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में समयबद्ध आयोजन, व्यापक जनभागीदारी, प्रभावी सेवा वितरण एवं प्रमाणित रिपोर्टिंग पर विशेष जोर रहेगा।

# DGP ने जैसलमेर बॉर्डर पर जवानों से संवाद किया: सीमा सुरक्षा के साथ ग्रामीणों का विश्वास जीतने पर दिया जोर

**जैसलमेर**। राजस्थान के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार शर्मा अपने दो दिन के दौरे पर बुधवार को पश्चिमी राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों में पहुंचे। उन्होंने सीमा चौकियों, बॉर्डर आउट पोस्ट और दूरदराज के गांवों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सीमा पर तैनात जवानों का हौसला बढ़ाया और गांवों में जनसुनवाई कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।




डीजीपी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात पुलिसकर्मी और जवान विपरीत परिस्थितियों में भी देश की सुरक्षा की बड़ी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर तालमेल पर जोर देते हुए कहा कि स्थानीय लोग पुलिस के साथ मिलकर काम करें ताकि नशा तस्करी, साइबर अपराध और अन्य अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह लगाम लगाई जा सके। उन्होंने बीट कांस्टेबलों को निर्देश दिए कि वे गांवों के हर परिवार के संपर्क में रहें ताकि सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत हो सके। डीजीपी ने फलौदी के नोख थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों से कहा कि वे थाने में आने वाले हर व्यक्ति से अच्छा और मददगार व्यवहार करें। उन्होंने नशा तस्करों और साइबर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया और पुलिसकर्मियों की मेहनत की सराहना की।

### राष्ट्रहित सबसे ऊपर, सतर्क रहें ग्रामीण

जालुवाला गांव में जनसुनवाई के दौरान डीजीपी ने ग्रामीणों से अपील की कि वे राष्ट्रहित को सबसे ऊपर रखें। उन्होंने कहा कि सीमा क्षेत्र के लोग बहुत जागरूक हैं और यदि उन्हें कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखे, तो तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दें। इस दौरान उन्होंने सेवानिवृत्त सैनिक मगना राम का साफा पहनाकर सम्मान भी किया। डीजीपी ने रायचंद वाला बॉर्डर आउट पोस्ट पर पहुंचकर बीएसएफ के जवानों से बातचीत की और सीमा की सुरक्षा व्यवस्था को परखा। इस दौरे में जोधपुर रेंज आईजी, बीएसएफ और जैसलमेर के जिला व पुलिस अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे।

# दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो से 400 किलो डोडा पोस्त, पिस्टल, 5 कारतूस मिले

**ब्यावर**। रायपुर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी व चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए माल बरामद किया है। वहीं चोरी के मामले में मुख्य आरोपी व खरीदार को गिरफ्तार कर माल बरामद किया है।



रायपुर पुलिस ने 441.350 किलो अवैध डोडा पोस्त, एक देशी पिस्टल मय 5 कारतूस और तस्करी में प्रयुक्त स्कॉर्पियो जब्त की है। पुलिस ने गाड़ी से 2 अन्य फर्जी नंबर प्लेट्स भी बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार रायपुर पुलिस थाने के ड्यूटी ऑफिसर को गश्त के दौरान सूचना मिली कि ग्राम झूठा के पास एक स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो वहां कोई चालक या घायल व्यक्ति मौजूद नहीं था। गाड़ी की तलाशी लेने पर उसमें कट्टे भरे दिखे और सीटों पर डोडा पोस्त बिखरा हुआ था। इसके बाद थानाधिकारी रायपुर मय टीम मौके पर पहुंचे और गाड़ी की जांच की। स्कॉर्पियो की तलाशी के दौरान पुलिस को 23 कट्टों में भरा 441.350 किलो डोडा पोस्त, 1 देशी हस्तनिर्मित पिस्टल व 5 जिंदा कारतूस बरामद हुए। स्कॉर्पियो वाहन पर आरजे 01 यूबी 8282 व 2 अन्य नंबर प्लेट बरामद हुईं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश और आगे का अनुसंधान शुरू कर दिया है।

# मेघ रिख जयंती; जोधपुर नगरी हुई मेघमय, शोभायात्रा निकाली




थिंक राजस्थान • जोधपुर

मेघ रिख शिक्षा एवं कल्याण संस्थान की ओर से रावण का चबूतरा मैदान में आयोजित मेघ रिख जयंती समारोह में हजारों की संख्या में पुरुष, महिलाएं और बच्चों ने भाग लिया। समारोह को संबोधित करते हुए संयोजक सोहनलाल लखानी ने बताया कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सात प्रमुख संकल्प दिलाए गए। इनमें शिक्षा को बढ़ावा देने, नशामुक्त समाज बनाने, मृत्यु भोज जैसी कुप्रथा का बहिष्कार करने, बच्चों में अच्छे संस्कार व अनुशासन विकसित करने, मोबाइल के सीमित उपयोग, आपसी विवादों को संवाद से सुलझाने और पर्यावरण संरक्षण को अपनाने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि इन संकल्पों को अपनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। इससे सामाजिक एकता और जागरूकता भी मजबूत होगी।

## विरासत और संस्कृति संरक्षण पर जोर

प्रदेशाध्यक्ष कालुराम सोनेल ने मेघ रिख जयंती समारोह में समाज की विरासत और संस्कृति के संरक्षण पर जोर दिया। वक्ताओं ने मेघवाल समाज के गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक परंपराओं और ऐतिहासिक धरोहर को संजोकर रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि जयंती केवल उत्सव नहीं, बल्कि महापुरुषों के विचारों को अपनाने और विरासत को आगे बढ़ाने का अवसर है। युवाओं से समाज के इतिहास, संतों और वीरों की स्मृतियों को सुरक्षित रखने तथा नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का आह्वान किया गया। आधुनिकता के साथ अपनी जड़ों से जुड़े रहने पर भी बल दिया गया।

नीतू दैया ने मेघ समाज की महिलाओं और बालिकाओं को शिक्षित, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब बेटियां शिक्षित हों और महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी करें। महिलाओं को अपने कानूनी अधिकारों की जानकारी रखने तथा घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा और बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ जागरूक रहने का आह्वान किया गया। बालिकाओं की शिक्षा, डिजिटल व कौशल विकास तथा आर्थिक सशक्तीकरण पर भी विशेष जोर दिया गया। महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता से उनका सम्मान और आत्मविश्वास बढ़ता है। इसके लिए स्वयं सहायता समूह, रोजगार प्रशिक्षण और सरकारी योजनाओं से जोड़ना जरूरी है।

सामाजिक सुरक्षा अधिकारी ने मेघवाल समाज के युवाओं के स्वावलंबन के लिए रोजगार के अवसर तलाशने और तकनीकी शिक्षा की ओर आगे बढ़ने की जानकारी दी। तुलसीराम चौहान ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने और सामाजिक एकता बनाए रखने का आह्वान किया।






## कलश यात्रा के साथ निकली भव्य शोभायात्रा

दोपहर में कलश यात्रा के साथ शहर के मुख्य मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इससे शहर का माहौल मेघमय हो गया। हाथी, घोड़ों और ऊंटों पर सवार संत-महात्माओं की शाही सवारी ने लोगों का मन मोह लिया। समारोह में पूर्व विधायक आत्माराम मेघवाल, नथमल खीची, धर्मेंद्र भदराल, जोराराम मेहरड़ा, मोडाराम लिखणिया, रमेश पंवार, एचआर मेहरा, सुरेश मेघवाल, उषा सोडा, कमला गोयल, घनश्याम मेघवाल, महामंडलेश्वर आत्माराम उपाध्याय, आचार्य ओमजी महाराज, महामंडलेश्वर अमरताराम महाराज और आचार्य निर्भय दास सहित प्रदेशभर से साधु-संत और 20 हजार से अधिक लोग उपस्थित थे।

## मतदाताओं से दुर्व्यवहार पर पीठासीन अधिकारी को दी 17 सीसीए की चार्जशीट

थिंक राजस्थान • जयपुर

नगर निकाय चुनाव 2026 के तहत ई.वी.एम. मशीन से परिणाम प्रदर्शित नहीं होने के कारण जयपुर नगर निगम क्षेत्र की विधानसभा विद्याधर नगर के वार्ड संख्या 09 एवं 18 तथा झोटवाड़ा विधानसभा की वार्ड संख्या 25 एवं 34 के कुल 5 बूथों पर दिनांक 16 सितम्बर को पुनर्मतदान कराया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी (म्यूनिसिपल) जयपुर संदेश नायक ने बताया कि नगर निगम जयपुर के वार्ड संख्या 34 के बूथ संख्या 477 पर नियुक्त पीठासीन अधिकारी मनीष कुमार शर्मा (व्याख्याता) द्वारा मतदाताओं के साथ दुर्व्यवहार करने तथा मतदान प्रक्रिया सुगम रूप से संचालित नहीं करने के संबंध में रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 एवं राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) 1958 के नियम 17 के तहत चार्जशीट दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य को गंभीरता से न लेना तथा निर्धारित कर्तव्यों का विधिवत निर्वहन न करना अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। ऐसे में संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 (1A) के तहत कार्यवाही कर मुकदमा दर्ज करवाने की प्रक्रिया की गई है।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने जारी किए निर्देश

## नगर निगम जोधपुर के वार्ड 50 के पुनर्मतदान की मतगणना आज होगी

थिंक राजस्थान • जोधपुर

**जोधपुर।** नगर निगम जोधपुर के वार्ड संख्या 50 के मतदान केंद्र संख्या 338 (राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर 07 कुड़ी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड - दायां भाग) की मतगणना 17 सितंबर 2026 को प्रातः 08.00 बजे से आयोजित की जाएगी। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी (जिला कलक्टर) (नगर पालिका) श्री आलोक रंजन ने आदेश जारी कर जारी कर अधिकारियों को तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। आदेश के तहत मतगणना 17 सितंबर को सुबह 8 बजे शुरू होगी। इसके लिए मतगणना कक्ष (कम्यूनिकेशन लेब) में ए.आर.ओ. टेबल, कंप्यूटर टेबल और मतगणना टेबल की व्यवस्था की जाएगी।

### ईवीएम व सामग्री जमा कराने की व्यवस्था

मतगणना के बाद पोल ईवीएम को सील कर राजकीय महिला पोलिटेक्निक महाविद्यालय, जोधपुर के कमरा संख्या 42 में तथा रिजर्व ईवीएम को कमरा संख्या 07 में जमा करवाया जाएगा। साथ ही वाविधिक एवं असाविंधिक लिफाफा ईत्यादि सामग्री बक्से में सील कर राजकीय मुद्रणालय में स्थापित स्ट्रांग रूम में जमा होगी।

### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

सुरक्षा के लिए प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर लगाए जाएंगे। पुलिस आयुक्त जोधपुर को सभी आगंतुकों के एंट्री पास की जांच सुनिश्चित कर ही प्रवेश देने के निर्देश दिए गए हैं।

### वीडियोग्राफी व निगरानी

मतगणना कक्ष और स्ट्रांग रूम की वीडियोग्राफी करवाई जाएगी। प्रत्येक मतगणना टेबल पर 1 सांख्यिकी कर्मचारी तैनात रहेगा।

### मीडिया सेंटर

मीडिया कर्मियों की सुविधा के लिए राजकीय पोलिटेक्निक महाविद्यालय में एनआईसी के पास स्थित कक्ष में मीडिया सेंटर की व्यवस्था की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्मिक प्रकोष्ठ, कंप्यूटर (आईटी) प्रकोष्ठ, भण्डार, जल-बिजली-पार्किंग व्यवस्था और अल्पाहार प्रकोष्ठ के प्रभारियों को अपने अपने दायित्वों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

## राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव भाटी ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण

थिंक राजस्थान • पाली

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) विक्रम सिंह भाटी द्वारा सेवा समिति द्वारा संचालित वृद्धाश्रम पाली का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

सचिव भाटी द्वारा वृद्धाश्रम में वृद्धजनों से वार्तालाप कर भोजन-पेयजल व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई। वृद्धाश्रम सेवा समिति पाली में वरिष्ठ नागरिक के रहने हेतु पृथक-पृथक कक्ष, बेड व फिजियोथैरेपी की सुविधा उपलब्ध है, जहां मरीजों की विषय-विशेषज्ञों द्वारा जांच की जाती है। इसके अतिरिक्त आयुर्वेदिक उपचार भी उपलब्ध हैं व नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच करवायी जाती है। वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को संतुलित पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाया जाता है। इसके साथ ही सचिव भाटी द्वारा वृद्धजनों से वार्तालाप कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली गई तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आयाम, नालसा पोर्टल, नालसा हेल्पलाईन नम्बर, निःशुल्क विधिक सहायता, नालसा एवं रालसा द्वारा जारी वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों एवं कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी।

## हाईकोर्ट बोला- तीन सप्ताह में रेट चेयरमैन की करें नियुक्ति

- **वरना डीओपी सेक्रेटरी पेश हों, कहा- पहले भी सख्ती के बाद सदस्य नियुक्ति किए थे**

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण (रेट) में लंबे समय से खाली चल रहे अध्यक्ष के पद लेकर एक बार फिर राज्य सरकार पर नाराजगी जताई है। जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस संदीप तनेजा की खंडपीठ ने कहा- सरकार तीन सप्ताह में रेट चेयरमैन के पद पर स्थायी नियुक्ति करें। वरना डीओपी सेक्रेटरी स्पष्टीकरण के साथ व्यक्तिगत रूप से पेश हो जाएं।

यह आदेश बेंच ने वकील दिलीप सिंह कुरका, संदीप कलवानिया सहित अन्य वकीलों की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने मामले में मौखिक टिप्पणी करते मंगलवार को कहा था कि हमने पहले सख्ती दिखाई थी तो खाली चल रहे पदों पर सदस्यों की नियुक्ति की थी। अब सरकार बता दें कि चेयरमैन के पद पर कब तक स्थायी नियुक्ति कर देगी, वरना हम मुख्य सचिव को बुलाएंगे। इस पर सरकार की ओर से बुधवार को कहा गया कि हम तीन सप्ताह में चेयरमैन की नियुक्ति कर देंगे।

अधिवक्ता सुनील समदड़िया ने बताया कि रेट चेयरमैन के रूप में विकास सीताराम भाले का 19 मार्च 2026 को ट्रांसफर होने के बाद से यह पद खाली चल रहा है। इसके अलावा रेट में चार सदस्यों के पद भी हैं। इसमें से दो पद लंबे समय से खाली चल रहे थे, लेकिन हाईकोर्ट की सख्ती के बाद सरकार ने 11 अगस्त को इन पदों पर नियुक्ति कर दी थी। वहीं कोर्ट में कहा था कि रेट चेयरमैन की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है, जो जल्द कर दी जाएगी। लेकिन चेयरमैन का पद आज भी खाली चल रहा है। कार्यव्यवस्था के तहत सदस्य पूर्व IAS अधिकारी प्रकाश शर्मा को अध्यक्ष का कार्यभार दे रखा है।

## विवादों के निपटारे को लेकर बैठक 10 अक्टूबर को लगेगी लोक अदालत

**जैसलमेर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार एडीआर सेंटर जैसलमेर में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जैसलमेर ओमी पुरोहित के निर्देशन में यह बैठक प्राधिकरण के सचिव ललित पुरोहित की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में आमजन की सेवार्थ संचालित स्थाई लोक अदालत तथा 10 अक्टूबर को आयोजित होने वाली वर्ष की तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण की कार्ययोजना बनाना रहा। इसमें नगर परिषद, शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग, रसद विभाग, डाकघर, बीएसएनएल, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग तथा विभिन्न बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### महापौर चुनाव के लिए चल रही प्रक्रिया

# पाली नगर निगम; अब तक 8 प्रत्याशियों को 13 नामांकन पत्र वितरित, 6 ने जमा किए 10 नामांकन

थिंक राजस्थान • पाली

नगर निगम आम चुनाव के बाद अब महापौर पद के लिए निर्वाचन प्रशासनिक गति.विधियां तेज हो गई हैं। बुधवार को महापौर पद के लिए नामांकन प्रक्रिया के दौरान निगम कार्यालय में सुबह से ही प्रत्याशियों एवं समर्थकों की आवाजाही बनी रही। नामांकन को लेकर बढ़ी भीड़ को देखते हुए निर्वाचन विभाग की ओर से निगम कार्यालय परिसर में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए। वहीं, नगर निगम के शेष नवनिर्वाचित पार्षदों को भी बुधवार को शपथ दिलाई गई।

रिटर्निंग अधिकारी नगर निगम शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि महापौर पद के निर्वाचन के लिए बुधवार तक कुल 8 प्रत्याशियों को 13 नामांकन पत्र वितरित किए गए हैं। इनमें से अब तक 6 प्रत्याशियों ने कुल 10 नाम निर्देशन पत्र जमा करवाए हैं। राजबाला हिंगड ने दो, सुमित्रा जैन ने दो, पुष्पा ने दो तथा नमिता बुबकिया ने दो नामांकन पत्र जमा करवाए हैं। वहीं कुसुम सोनी एवं रशीदा बानो ने एक-एक नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन प्रक्रिया के दौरान निगम कार्यालय में प्रत्याशियों के साथ समर्थकों की भी आवाजाही रही। निर्वाचन विभाग की ओर से नामांकन प्रक्रिया को व्यवस्थित एवं शां.तिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं।




### आज होगी संवीक्षा

सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि गुरुवार को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। संवीक्षा के बाद वैध पाए गए नामांकन पत्रों के आधार पर आगे की निर्वाचन प्रक्रिया संचालित होगी। उन्होंने बताया कि संवीक्षा के बाद शुक्रवार को दोपहर 3 बजे तक अभ्यर्थियों को नाम वापस लेने का अवसर दिया जाएगा। नाम वापसी की निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद चुनाव मैदान में शेष रहने वाले अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।

### शेष नवनिर्वाचित पार्षदों को दिलाई शपथ

नगर निगम आम चुनाव में निर्वाचित शेष पार्षदों को बुधवार को शपथ भी दिलाई गई। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत निर्वाचित पार्षदों को पद एवं दायित्वों की शपथ दिलाई गई। शपथ कार्यक्रम के दौरान निर्वाचन से जुड़े अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे। इस अवसर पर विशेषाधिकारी निर्वाचन पाली चौधरी बिरजू गोपाल, उप पंजीयक प्रथम शिवजीराम बावरी, तहसीलदार सुनील कुमार, तहसीलदार निर्वाचन नेहा चौधरी, सुरेश कुमार व्यास, ललित कुमार दवे, महेन्द्र बैरवा, विक्रम सिंह परिहार, युजवेन्द्र खेमलानी, गोविन्द सिंह राजपुरोहित, ताराचंद सेजू, रामलाल मानपुरा, अर्जुन सिंह, जयपाल सिंह चौहान, हिमांशु चतुर्वेदी, मोहित जोशी, शंकर जोधा, इकबाल अली, बबलू काठात, रघुवीर सिंह, पुष्पराज, प्रमोद, नरेश चौधरी सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## बच्चों को सिखाए सुरक्षा के गुर और शोषण से बचाव का दिया संदेश

**जैसलमेर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार ट्रांसफार्मेटिव ट्यूजडे अभियान के तहत सितंबर माह की थीम अजनबी से सावधान-मना करो, दूर जाओ, बताओ पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिला एवं सेशन न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ओमी पुरोहित के निर्देशन में यह शिविर शहीद उम्मेदसिंह भाटी राउमावि बडोड़ा गांव में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ललित पुरोहित ने किया। शिविर में विद्यार्थियों व शिक्षकों को ओजोन दिवस के महत्व की जानकारी दी गई। इस दौरान एसी व रेफ्रिजरेटर का सीमित तापमान 24 से 26 डिग्री पर उपयोग करने और अधिकाधिक पौधरोपण का संकल्प दिलाया गया। सचिव ललित पुरोहित ने विद्यालय में मिड डे मील पोषाहार की गुणवत्ता का निरीक्षण किया।

# युवती ने बॉयफ्रेंड संग मिलकर एटीएम से लूटे 41.70 लाख रुपए, गिरफ्तार

## लड़की ने ही की थी बैंक कर्मचारियों की रेकी, किराए के कमरे से 26.80 लाख रुपए बरामद, बॉयफ्रेंड करौली निवासी मस्तराम मीणा और उसके दो साथी फरार

**जयपुर**। जयपुर में ATM में कैश डालने गए बैंक कर्मचारियों से 41.70 लाख रुपए की लूट का पुलिस ने 48 घंटे में खुलासा कर दिया। पुलिस ने बुधवार को युवती को अरेस्ट किया। युवती ने बॉयफ्रेंड और उसके साथियों के साथ मिलकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। मामले में पुलिस बैंक कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच कर रही है। डीसीपी ईस्ट रंजिता शर्मा ने बताया- युवती अंशु कुमारी जाटव (22) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अंशु कुमारी की निशानदेही पर लूटे गए रुपए में से 26.80 लाख रुपए उसके किराए के कमरे बजरंग दीप प्रथम श्रीकृष्णपुरा रामनगरिया से बरामद किए गए हैं। वारदात में शामिल अंशु कुमारी का बॉयफ्रेंड मासलपुर करौली निवासी मस्तराम मीणा, उसके दो साथी पुष्पेंद्र मीणा उर्फ पुस्सी और सुमित जांगम फरार चल रहे हैं।



डीसीपी ईस्ट ने बताया- 14 सितंबर को सुबह करीब 10:30 बजे बैंक कर्मचारी अक्षयपात्र के पास बैंक ऑफ इंडिया के ATM में कैश डालने के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान दो बदमाशों ने हथियार की नोक पर उनसे करीब 41.70 लाख रुपए कैश से भरा बैग लूट लिया था। एक अन्य व्यक्ति कार लेकर कुछ दूरी पर खड़ा था। लूट के बाद बाइक सवार बदमाशों ने कैश कार में शिफ्ट कर दिया, ताकि पुलिस की नाकाबंदी को चकमा दिया जा सके। मस्तराम ने युवती को बताया था कि अक्षयपात्र के पास बैंक ऑफ इंडिया का ATM है। उसके मुताबिक वहां नियमित रूप से कैश निकाला जाता है और कैश लेने के दौरान अक्सर एक महिला कर्मचारी के साथ एक पुरुष होता है।

पुलिस के मुताबिक- बैंक अधिकारियों से जानकारी मिली कि ATM से कैश निकालने का समय निश्चित नहीं था। पिछले तीन दिन की छुट्टियों के बाद ATM में बड़ी रकम जमा थी। इसी आधार पर पुलिस ने रेकी के एंगल को भी जांच में शामिल किया। जांच के दौरान ATM के आसपास संदिग्ध तरीके से घूमती एक युवती पुलिस के रडार पर आई। पुलिस ने युवती की गतिविधियों पर नजर रखी और उसके बारे में जानकारी जुटाई।




### वारदात के दिन युवती ने दी थी कैश पहुंचने की सूचना

बैंक कर्मचारी जब 14 सितंबर को सुबह करीब 10:30 बजे ATM पर पहुंचे तो युवती ने तुरंत साथियों को इसकी सूचना दी और वहां से निकल गई। इसके बाद दो बदमाशों ने बैंक कर्मचारियों से हथियार की नोक पर कैश लूट लिया। पुलिस के अनुसार- लूट के बाद पैसे को बाइक से एक कार में शिफ्ट किया गया। इसके बाद कैश को दो हिस्सों में बांटा गया। एक हिस्सा आरोपी युवती के किराए के कमरे में रखे सूटकेस में छिपा दिया गया, जबकि बाकी रुपए लेकर आरोपी फरार हो गए। पुलिस को गुमराह करने के लिए आरोपियों ने कपड़े भी बदले।

### कमरे से 26.80 लाख रुपए बरामद

DST टीम ने युवती अंशु कुमारी के संदिग्ध पाए जाने के बाद किराए के मकान में पहुंचकर पूछताछ की। पूछताछ में युवती ने वारदात से जुड़े राज खोल दिए। उसकी सूचना पर पुलिस ने कमरे की तलाशी ली, जहां सूटकेस से लूट के 26.80 लाख रुपए बरामद कर लिए गए। अंशु कुमारी एक प्राइवेट कंपनी में काम करती है। पुलिस जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि आरोपी आपस में एक बैंक कर्मचारी का नाम ले रहे थे। ऐसे में पुलिस वारदात में किसी बैंक कर्मचारी की संभावित भूमिका की भी जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगा रही है कि आरोपियों को ATM में कैश आने और बैंक कर्मचारियों की गतिविधियों से जुड़ी जानकारी कहां से मिली।

# बगरू; फैक्ट्री में लगी भीषण आग, 12 मजदूर अंदर थे, छह से ज्यादा दमकलों ने दो घंटे में पाया काबू

## रीको औद्योगिक क्षेत्र में स्थित रोहित पॉली प्रोडक्ट्स फैक्ट्री के गोदाम में करीब साढ़े चार बजे लगी आग

**जयपुर**। बगरू इलाके के रीको औद्योगिक क्षेत्र में बुधवार शाम एक फैक्ट्री के गोदाम में अचानक आग लग गई। आग रोहित पॉली प्रोडक्ट्स फैक्ट्री के गोदाम में करीब साढ़े चार बजे लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। फैक्ट्री से उठता धुएं का गुबार कई किलोमीटर दूर तक दिखाई देने लगा। आग लगने के समय गोदाम में करीब 12 मजदूर मौजूद थे। हालांकि आग बढ़ने से पहले ही सभी मजदूर प्रभावित गोदाम के इलाके से सुरक्षित बाहर निकल गए। इससे बड़ा हादसा टल गया।



फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिलते ही बगरू नगर पालिका, रीको दमकल विभाग सहित अन्य स्थानों से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग की लपटें लगातार बढ़ती देख अतिरिक्त दमकल वाहनों को भी बुलाया गया। करीब छह से ज्यादा दमकल की गाड़ियों ने दो घंटे से अधिक समय तक मशक्कत की, जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका।

आग की सूचना मिलते ही बगरू थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। आग बढ़ने के साथ फैक्ट्री के आसपास लोगों की भीड़ जुटने लगी। पुलिस ने मौके पर भीड़ को नियंत्रित किया और लोगों को आग प्रभावित क्षेत्र से दूर रखा। बगरू थानाधिकारी चंद्रभान ने बताया कि रोहित पॉली प्रोडक्ट्स फैक्ट्री के गोदाम में करीब साढ़े चार बजे आग लगी थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। आग की लपटें बढ़ने के कारण बगरू नगर पालिका, रीको दमकल विभाग और अन्य स्थानों से दमकल की गाड़ियां मौके पर बुलाई गईं। छह से अधिक दमकल वाहनों की करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### 5 से 7 किलोमीटर दूर तक दिखाई दिया धुआं

फैक्ट्री में लगी आग इतनी तेज थी कि उससे उठता धुआं करीब 5 से 7 किलोमीटर दूर तक दिखाई दिया। धुएं का गुबार देखकर आसपास के इलाकों में भी लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं आग से फैक्ट्री में हुए नुकसान का भी आकलन किया जा रहा है।

## सांभरलेक एसएचओ ने 50 हजार रुपए घूस ली, गिरफ्तार

**जयपुर**। रिश्वत के नोट हाथ में लिए तो नोटों पर लगे केमिकल से हाथ गुलाबी हो जाते हैं। इससे बचने के लिए एसीबी की गिरफ्त में आए सांभरलेक एसएचओ राममिलन मीणा ने नया तरीका निकाला। परिवादी को कक्ष में बुलाकर रिश्वत के 50 हजार रुपए टेबल रखवा लिया फिर नोटों पर सफेद टॉवल डाल दी। फिर नोटों को उठाया और टेबल की रैक में रख दिया।

एसीबी के जाल में फंसते ही थाना प्रभारी के हाथ धुलाए तो रंग गुलाबी नहीं हुआ। मगर जब टॉवल के नोटों के संपर्क वाले हिस्से को धोया तो घोल गुलाबी हो गया। थाना प्रभारी के हाथ तो 'साफ' रहे, लेकिन टॉवल ने रिश्वत की कहानी खोल दी। आरोप है सड़क निर्माण में लगे वाहनों को थाने में बंद करने की धमकी देकर हर महीने 50 हजार बंधी मांग रहा था। एसीबी की टीम ने एसएचओ राम मिलन मीणा के दोनों हाथ सोडियम कार्बोनेट के घोल में धुलवाए। दोनों बार घोल का रंग नहीं बदला। इसके बाद जिस जगह तौलिए के नीचे नोट रखे गए थे, उस हिस्से को धोया गया तो घोल का रंग गुलाबी हो गया।

## डॉक्टर ने रजिस्टर की जगह दीवार पर लगाई-हाजिरी

- **दो दिन से कर रहे साइन; ट्रांसफर विवाद के बाद मुख्यालय में जॉइनिंग नहीं देने पर विवाद**

**जयपुर**। जयपुर के स्वास्थ्य भवन में इन दिनों एक अलग ही मामला देखने को मिल रहा है। एक डॉक्टर अपनी अटेंडेंस (हाजिरी) रजिस्टर या ऑनलाइन करने के बजाए ऑफिस की दीवार पर दो दिन (15 और 16 सितंबर) से कर रहे हैं। डॉक्टर का ये मामला इन दिनों पूरे चिकित्सा महकमे में चर्चा का विशेष बना हुआ है। स्वास्थ्य भवन में जब यह बात फैली तो इसे लेकर पूरे महकमे में चर्चा शुरू हो गई।

दरअसल डॉ. हंसराज भदालिया का पिछले दिनों स्वास्थ्य विभाग ने टोंक से तबादला करके जयपुर में अतिरिक्त निदेशक राजपत्रित जैसे अहम पद पर कर दिया, लेकिन विभाग ने डॉ. भदालिया के जॉइनिंग करने से पहले ही इस आदेश में संशोधन करके उनका ट्रांसफर अतिरिक्त निदेशक राजपत्रित जयपुर की जगह तोपखाना राजकीय डिस्पेंसरी जयपुर कर दिया। इस संशोधित आदेश के खिलाफ भदालिया ने कोर्ट में याचिका लगाई। जहां कोर्ट ने संशोधित आदेश को स्थगित करते हुए डॉ. भदालिया को पूर्व की जगह कार्यरत करने के निर्देश दिए।

कोर्ट के इस आदेशों की प्रति लेकर डॉ. भदालिया स्वास्थ्य भवन में निदेशक के यहां पहुंचे और जॉइनिंग की अर्जी दी। इसके बाद भी निदेशक ने जयपुर के बजाए पूर्व में कार्यरत टोंक में ही दोबारा जॉइनिंग देने के लिए कहा। वहीं डॉ. भदालिया टोंक जॉइन करने के बजाए विभाग के ऑफिशियल बिना जॉइन करवाए जयपुर स्वास्थ्य भवन स्थित अतिरिक्त निदेशक राजपत्रित के चैंबर में जाकर बैठने लग गए। विभाग की बिना मंजूरी के अतिरिक्त निदेशक राजपत्रित के चैंबर में जाकर बैठने पर विभाग ने डॉ. भदालिया की जॉइनिंग को ऑफिशियली नहीं माना। न ही उनकी हाजिरी जयपुर में अप्रूव की। इस पर डॉ. भदालिया जिस चैंबर में बैठे, वहां मौजूद कुर्सी के पीछे दीवार पर ही अपनी हाजिरी पैन से लिखकर लगा दी।

# झुंझुनूं; कांग्रेस की बाड़ाबंदी में पहुंचे 50 से ज्यादा पुलिसकर्मी: होटल के कमरे खुलवाकर तलाशी ली

## विधायक बोलीं- भाजपा के दबाव में पार्षदों को उठाने की कोशिश

**झुंझुनूं**। झुंझुनूं की मलसीसर नगर पालिका में चेयरमैन के चुनाव से पहले कांग्रेस पार्षदों की बाड़ाबंदी में पुलिस ने छापेमारी की। मंडावा के फतेहपुर बाइपास रोड स्थित होटल में बुधवार को दोपहर करीब 2 बजे 50 से ज्यादा पुलिसकर्मियों की टीम पहुंची और होटल के एक-एक कमरे को खुलवाकर तलाशी ली।



होटल में मौजूद मंडावा विधायक रीटा चौधरी ने आरोप लगाया कि भाजपा के पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार के दबाव में पुलिस ने होटल में ठहरे कांग्रेस के जीते हुए पार्षदों को उठाने की कोशिश की और इसे जनादेश को दबाने की कोशिश बताया। डीएसपी नरेंद्र सिंह ने किसी राजनीतिक दबाव से इनकार करते हुए कार्रवाई को सर्च वारंट के आधार पर की गई कानूनी कार्रवाई बताया। उन्होंने कहा- तलाशी के दौरान कोई पार्षद हिरासत में नहीं लिया गया और संतु नाई भी होटल में नहीं मिले।

झुंझुनूं ग्रामीण डीएसपी नरेंद्र सिंह ने बताया- मलसीसर SDM की ओर से जारी सर्च वारंट जारी किया गया था। वार्ड नंबर 3 के पार्षद संतु नाई के परिजनों ने SDM को शिकायत दी थी कि उनके व्यक्ति को बंधक बनाकर रखा गया है। शिकायत में अलग-अलग जगहों की लोकेशन भी बताई गई थी। इसी आधार पर पुलिस ने होटल में सर्च अभियान चलाया। मंडावा विधायक रीटा चौधरी ने राजनीतिक दबाव में पुलिस कार्रवाई का आरोप लगाया। उन्होंने कहा- मंडावा के एक होटल में ठहरे कांग्रेस के जीते हुए पार्षदों को पुलिस के जरिए उठवाने का प्रयास किया गया। भाजपा के पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार ने पुलिस पर कार्रवाई के लिए दबाव बनाया। पुलिस भाजपा के दबाव में काम कर रही है। विधायक ने इसे जनादेश को दबाने की कोशिश बताते हुए कहा कि मंडावा में लोकतंत्र पर हमला किया जा रहा है।

### जिस पार्षद की तलाश थी, वह होटल में नहीं मिला

पुलिस की कार्रवाई के बाद सबसे बड़ा सवाल यही है कि जिस पार्षद संतु नाई को बंधक बनाए जाने की शिकायत के आधार पर पुलिस होटल पहुंची थी, वो होटल में नहीं मिले। पुलिस अब शिकायत में बताई गई दूसरी लोकेशन और पूरे मामले की परिस्थितियों की जांच कर रही है।

## सड़क किनारे एक्सीडेंट हुई गाड़ी में मिला 45 किलो डोडा-पोस्त

**सीकर**। सीकर में सड़क किनारे एक्सीडेंट हुई गाड़ी में 45 किलो डोडा-पोस्त मिला। नेछवा थाना पुलिस ने मौके से आरोपी रामस्वरूप सैन (19) उर्फ महावीर सैन निवासी नरसास को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी को उसके दोस्त ने गाड़ी घर पर ले जाने के लिए दी थी। अब पुलिस फरार दोस्त की तलाश कर रही है।

नेछवा थाना SHO रमेशचंद मीणा ने बताया- पुलिस टीम मंगलवार रात को रूटीन गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुन्नी प्याऊ से नरसास जाने वाली सड़क पर रोड किनारे एक्सीडेंट हुई एक गाड़ी मिली। गाड़ी की ड्राइवर सीट पर एक आदमी बैठा हुआ मिला। मामला संदिग्ध लगने पर पुलिस ने गाड़ी में बैठे युवक से पूछताछ की। उसने अपना नाम रामस्वरूप सैन बताया और कहा कि उसकी गाड़ी अनबैलेंस होकर पलटी खा गई। पुलिस को रामस्वरूप की क्रेटा गाड़ी में 2 प्लास्टिक के कट्टे मिले। जब इन कट्टों की तलाशी ली गई तो उसमें डोडा पोस्त था। ऐसे में पुलिस ने आरोपी रामस्वरूप को गिरफ्तार कर लिया।

# बगड़ पालिका: भाजपा के बागी ने कांग्रेस से चेयरमैन का फॉर्म भरा: सात पार्षदों के साथ शामिल हुए

## नामांकन के दौरान कांग्रेस नेता अमित ओला रहे मौजूद

**झुंझुनूं**। बगड़ नगरपालिका में चेयरमैन की कुर्सी को लेकर चल रही सियासी उठापटक ने बुधवार को नया मोड़ ले लिया। भाजपा के टिकट के दावेदार रहे और चुनाव में निर्दलीय जीत दर्ज करने वाले राकेश शर्मा ने कांग्रेस का दामन थाम लिया।



सांसद बृजेंद्र ओला की मौजूदगी में राकेश शर्मा के साथ 7 पार्षदों के कांग्रेस में शामिल होने की बात सामने आई है। इसके बाद राकेश शर्मा ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में निर्वाचन अधिकारी के समक्ष चेयरमैन पद के लिए नामांकन दाखिल कर दिया। नामांकन के दौरान कांग्रेस नेता अमित ओला भी मौजूद रहे। राकेश शर्मा के खेमे की ओर से अब कुल 12 पार्षदों के समर्थन का दावा किया जा रहा है।

बगड़ नगरपालिका के 20 वार्डों के चुनाव परिणाम में भाजपा के 6, कांग्रेस के 3 और निर्दलीय 11 पार्षद निर्वाचित हुए हैं। चुनाव परिणाम आने के बाद चेयरमैन पद का गणित सीधे तौर पर किसी एक दल के पक्ष में नहीं था। 11 निर्दलीय पार्षदों की भूमिका निर्णायक मानी जा रही थी। इसी बीच राकेश शर्मा का सात पार्षदों के साथ कांग्रेस के साथ जाना पूरे समीकरण को बदलने वाला घटनाक्रम बन गया है।

राकेश शर्मा का कांग्रेस में जाना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उनका राजनीतिक जुड़ाव लंबे समय से भाजपा से रहा है। स्थानीय राजनीतिक हलकों के अनुसार उनका परिवार भाजपा से जुड़ा रहा है। राकेश शर्मा स्वयं भाजपा में जिला उपाध्यक्ष और जिला महामंत्री जैसे संगठनात्मक पदों पर रह चुके हैं। उनके भाई राजेंद्र शर्मा भी भाजपा के झुंझुनूं जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। इस निकाय चुनाव में राकेश शर्मा ने भाजपा से बगड़ नगरपालिका के वार्ड का टिकट मांगा था, लेकिन टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। अब वही राकेश शर्मा कांग्रेस के प्रत्याशी के तौर पर चेयरमैन पद की दौड़ में हैं।

चुनाव परिणाम में कांग्रेस केवल तीन वार्ड जीत सकी थी। इसके मुकाबले भाजपा के छह और निर्दलीयों के 11 पार्षद जीते थे। ऐसे में कांग्रेस के लिए चेयरमैन पद तक पहुंचने का रास्ता निर्दलीय पार्षदों के समर्थन से ही बनना था।

## सीकर से एक दिन में 3 युवतियां लापता:दो डॉक्यूमेंट्स भी ले गई

**सीकर**। सीकर जिले में एक ही दिन में तीन युवतियों के लापता होने का मामला सामने आया है। तीनों युवतियों के परिवार के द्वारा पुलिस में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। दो युवतियों के परिवार ने युवकों पर शक जताया है। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।

20 साल की युवती के लापता होने के केस में उसके चाचा ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि उनकी भतीजी 14 सितंबर की रात कहीं पर चली गई। जिसकी काफी तलाशी की लेकिन कुछ भी पता नहीं चल पाया। जब घर पर देखा तो उसके डॉक्यूमेंट भी गायब थे। परिवार ने एक युवक पर शक जताया। जिसका मोबाइल भी अब लगातार स्विच ऑफ आ रहा है। पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। 21 साल की युवती के लापता होने के केस में उसके भाई ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि 14 सितंबर को उनकी बहन घर पर ही थी। शाम को 4 बजे के करीब आकर देखा तो बहन घर पर नहीं मिली। अंदेशा है कि कोई उसे अपने साथ लेकर चला गया।

# द इंडियन मास्टर्स-आर्ट कैंप: देशभर से आए कलाकार बना रहे पेंटिंग; लीथो मशीन को मिला आर्टिस्ट

**जयपुर**। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में इन दिनों देशभर की अलग-अलग कला शैलियां एक ही छत के नीचे नजर आ रही हैं। छह दिवसीय 'द इंडियन मास्टर्स-आर्ट कैंप' में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए आठ प्रमुख कलाकार कैनवास पर अपने मनोभावों, अनुभवों और आस-पास की दुनिया को अपने-अपने अंदाज में रंग और रेखाओं के जरिए आकार दे रहे हैं। किसी कैनवास पर प्रकृति और उसके बदलते रंग दिखाई दे रहे हैं तो कहीं मानवीय भावनाओं और स्मृतियों को आकृतियों के माध्यम से उकेरा जा रहा है। कोई कलाकार रंगों, रेखाओं और बनावट के साथ प्रयोग कर रहा है तो कोई भारतीय परंपरा और आधुनिक सोच को अपनी कलाकृति में एक साथ पिरो रहा है। इस तरह एक ही कला शिविर में अलग-अलग क्षेत्रों और विचारों से आए कलाकारों की रचनात्मक दुनिया देखने को मिल रही है। वहीं राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट की कई साल से बंद पड़ी लीथोग्राफी मशीन पर कैंप में आए कलाकार काम कर रहे है। स्टूडेंट्स के बीच यह आर्ट आकर्षित कर रही है। 20 सितंबर तक चल रहे इस कला शिविर में कलाकारों को सामने बैठकर काम करते देखना कला प्रेमियों के लिए भी एक अलग अनुभव है।





**अपनी-अपनी शैली में कैनवास को दे रहे नया रूप;** उदयपुर के कलाकार शैल चोयल अपनी समकालीन मिनिएचर शैली के जरिए पारंपरिक राजस्थानी कला को आधुनिक नजरिए से जोड़ते दिखाई देते हैं। उनकी कला में राजस्थान की चित्र परंपरा की झलक के साथ समकालीन सोच का मेल नजर आता है। वहीं कोलकाता के समीर ऐच रंग, आकार, रोशनी और बनावट के साथ प्रयोग करते हुए भावनाओं को कैनवास पर उतारते हैं। उनकी कला यात्रा यथार्थवादी शैली से आगे बढ़कर अर्ध-अमूर्त और आकृतिमूलक कला तक पहुंची है।

### अलग-अलग जगहों से आए कलाकार

असम के प्रिंटमेकर अजीत सील का काम इस शिविर में अलग तरह का आकर्षण पैदा कर रहा है। मानव और पशु आकृतियों के माध्यम से भावनाओं और विचारों को सामने लाने वाली उनकी कला में प्रिंटमेकिंग की बारीकियां दिखाई देती हैं। वे लिथोग्राफी और अन्य पारंपरिक प्रिंट तकनीकों के जरिए कला को एक अलग माध्यम देते हैं। इंदौर के अखिलेश वर्मा अमूर्त चित्रों में रंग, रेखा, आकार और बनावट के साथ प्रयोग करते हैं। उनकी कलाकृतियों में किसी एक दृश्य को हूबहू उतारने के बजाय भाव और विचारों को रंगों के जरिए महसूस कराने की कोशिश दिखाई देती है। नागपुर के रघु नवारे की कला प्रकृति और मनुष्य के उसके साथ संबंध से प्रेरित है। उनकी पेंटिंग्स में प्राकृतिक दृश्यों के साथ गहरे रंग, बनावट और प्रभावशाली ब्रशवर्क दिखाई देता है। वहीं गुजरात के जयंत रबाड़िया भारतीय पौराणिक कथाओं, मानव आकृतियों और पशु-पक्षियों को अपनी रचनात्मक दृष्टि से कैनवास पर प्रस्तुत करते हैं। उनकी कला में भावनाओं के साथ भारतीय सांस्कृतिक संदर्भ भी नजर आते हैं। हिमाचल प्रदेश के डॉ. नंद लाल ठाकुर गांव के जीवन, पुरानी यादों और हिमाचल की प्राकृतिक छवियों को अपनी चित्रकला का हिस्सा बनाते हैं। उनकी पेंटिंग्स में रंग और बनावट के जरिए पहाड़ी जीवन और प्रकृति की अनुभूति सामने आती है। वहीं असम के संजीब कुमार गोगोई की कला में आकृतिमूलक और अमूर्त शैली का मेल दिखाई देता है। उनके काम में असम की संस्कृति और परंपराओं की झलक के साथ अपनी अलग दृश्य शैली नजर आती है।



# एक हफ्ते के अंतर में रिलीज होंगी किंग और एवेंजर्स डूम्सडे

मुंबई। शाहरुख खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'किंग' को लेकर सुर्खियों में हैं, जो इस साल के आखिरी में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। दरअसल, दिसंबर में ही 'एवेंजर्सः डूम्सडे' और 'ड्यून 3' जैसी बड़ी हॉलीवुड फिल्में रिलीज हो रही हैं। ऐसे में ऐसी अफवाहें तेज हो चलीं कि इन बड़ी फिल्मों से टकराव रोकने के लिए 'किंग' को पोस्टपोन किया जा सकता है। लेकिन, अब शाहरुख खान ने कन्फर्म कर दिया है कि 'किंग' तय डेट पर ही रिलीज होगी। सुपरस्टार ने कन्फर्म किया कि 'किंग' को पोस्टपोन नहीं किया जाएगा, भले ही दिसंबर 2026 में कई बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं। फिल्म आने में अभी 100 दिन बाकी हैं ना... 24 दिसंबर, ब्रो।'

लाइफ Style

# आंचल



मुंबई को सपनों का शहर कहा जाता है। खासकर फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के लिए यह शहर सफलता और चमक-दमक का प्रतीक माना जाता है। सोशल मीडिया पर भी अक्सर कलाकार अपने खूबसूरत घरों, आलीशान इंटीरियर और लग्जरी लाइफस्टाइल की तस्वीरें साझा करते रहते हैं।

## 14 साल से इंडस्ट्री में, फिर भी अपना घर नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

टीवी अभिनेत्री आंचल खुराना ने हाल ही में अपने घर का जो वीडियो दिखाया, वह इस चमकती तस्वीर से बिल्कुल अलग है। 'एमटीवी रोडीज 8' की विजेता रह चुकीं आंचल ने अपने मुंबई वाले 1 बीएचके किराए के फ्लैट का ऐसा टूर कराया, जिसमें उन्होंने बिना किसी बनावट के अपनी रोजमर्रा की जिंदगी की झलक दिखाई। आंचल ने अपने व्लॉग में बताया कि मुंबई में जिस 1 बीएचके फ्लैट में वह रहती हैं, उसका मासिक किराया करीब 70 हजार रुपए है। खास बात यह है कि इतने किराए के बावजूद घर के आसपास कोई शानदार गार्डन, स्विमिंग पूल या समुद्र का खूबसूरत नजारा नहीं है। उनके फ्लैट की खिड़कियों से दूर तक फैली चॉल और झुग्गी बस्ती दिखाई देती है। आंचल ने इस स्थिति को लेकर कोई शिकायत करने के बजाय इसे मजाकिया अंदाज में पेश किया। उन्होंने कहा कि मुंबई में घर खरीदना उनके लिए अभी भी बहुत दूर की बात है। अभिनेत्री ने यहां तक मजाक किया कि जिस तरह से महंगाई बढ़ रही है और इंडस्ट्री की स्थिति है, उन्हें अपना घर खरीदने में 400-500 साल लग सकते हैं। उन्होंने साफ कहा कि यह कोई लग्जरी या बेहद खूबसूरत घर नहीं है, बल्कि किराए का एक साधारण फ्लैट है, जिसके लिए उन्हें हर महीने 70 हजार रुपये चुकाने पड़ते हैं।

हॉलीवुड मसाला



# टॉम-जेंडाया ने अभी नहीं की है शादी

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के चर्चित कपल टॉम हॉलैंड और जेंडाया की शादी को लेकर उनके स्टाइलिस्ट ने नया खुलासा किया है। दावा किया है कि दोनों ने अभी आधिकारिक तौर पर शादी नहीं की है। टॉम हॉलैंड और जेंडाया की शादी की मिस्ट्री में एक नया ट्विस्ट आया है। महीनों से यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि स्पाइडर-मैन स्टार्स ने गुपचुप तरीके से शादी कर ली है। मगर, जेंडाया के स्टाइलिस्ट और करीबी दोस्त लॉ रोच का कहना है कि कपल अभी आधिकारिक रूप से शादीशुदा नहीं है।



# छह साल बाद किया परफॉर्म मंच पर हुईं भावुक

पेरिस। सिंगर सेलीन डायोन ने संगीत के मंच पर भावुक वापसी कर ली है। हाल ही में पेरिस में आयोजित शो में उन्होंने फैंस को शुक्रिया कहा। इसके साथ ही सेलीन शो के दौरान काफी खुश नजर आईं।सिंगर सेलीन डायोन ने गंभीर बीमारी से लड़ने के बाद स्टेज पर वापसी कर ली है। वह कई साल बाद पेरिस में शो के दौरान फैंस के लिए भावुक बाते कीं। सिंगर सेलीन डायोन ने हाल ही में पैरिस में कई साल बाद अपना शो किया। इस दौरान वह काफी भावुक दिखाई दीं। उन्होंने कहा, 'मैंने एक वादा किया था। मंच पर वापस आने काऔर मैं यहां हूं। मैं आप सबको देखकर काफी खुश हूं। मैंने आप सभी को बहुत याद किया। मैं जो भी हूं आप सबके प्यार की वजह से हूं।' इस दौरान सिंगर के चेहरे पर खुशी के आंसू देखने मिले। 58 वर्षीय डायोन ने पेरिस के ला डिफेंस एरिना में अपनी आवाज का जादू बिखेरा।



# बेबी शावर सेरेमनी में निभाई रस्में

मुंबई। साउथ सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु और उनके पति राज निदिमोरु जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। इस बीच पहली बार मां बनने जा रही एक्ट्रेस का बेबी शावर हुआ है। सामंथा ने परंपरिक 'सीमंतम' सेरेमनी के फोटोज-वीडियोज सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं, जिसमें पारंपरिक अंदाज, रस्म और मंत्रों की गूंज ने फैंस का दिल जीत लिया है। इसमें पति राज भी सामंथा पर प्यार लुटाते हुए दिख रहे हैं। सामंथा ने बताया है कि बेबी शावर सेरेमनी के दौरान निभाई गई श्रीविद्या परंपरा के खास रस्म ने उन्हें भावुक कर दिया। तस्वीरों और वीडियो में एक्ट्रेस फूलों से सजी, एक खुली जगह पर बैठी नजर आईं। पुजारियों की मौजूदगी में श्रीविद्या परंपरा की रस्म अदायगी हुई। यह रस्म तमिल और तेलुगू परंपराओं का हिस्सा है, जिसमें गर्भवती महिलाओं को आशीर्वाद दिया जाता है।



# नए लुक में गणेश चतुर्थी पूजा में पहुंचे...

नई दिल्ली। अभिनेता सलमान खान नीता अंबानी और मुकेश अंबानी की गणेश चतुर्थी पूजा में नए लुक में शामिल होकर हर किसी का ध्यान खींच लिया। 14 सितंबर को मुकेश अंबानी के घर पर गणेश चतुर्थी पूजा का आयोजन किया गया था, जहां कटरीना कैफ, विक्की कौशल, कियारा आडवाणी, सिद्धार्थ मल्होत्रा, रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, करीना कपूर खान और कृति सेनन समेत बॉलीवुड के तमाम सेलेब्स पहुंचे थे। इस गणेश पूजा में सलमान खान ने भी शिरकत की। उन्होंने स्वैग मारते हुए सिंपल लुक में एंट्री की और देखते ही देखते उनका लुक छा गया। उन्होंने वॉन्टेड लुक में एंट्री मारी। उन्होंने अपने बालों को स्कार्फ से कवर किया। लाइट ब्लू सट्रिप शर्ट और डेनिम जींस में एक्टर हैंडसम लग रहे हैं। सलमान खान का नया लुक देखकर लोग उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं।

टीवी मसाला



# आसिफ और यंग समेत चार घर वालों पर साजिश के आरोप

नई दिल्ली। चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' की बात हो और इसमें विवाद न हो, ऐसा नहीं हो सकता। शो के हालिया एपिसोड में 'बिग बॉस' ने यंग डीएसए, रोहेद खान, आसिफ खान और स्काउट पर साथी कंटेस्टेंट्स को शो से बाहर करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। इसके चलते उन्हें सीधे नॉमिनेट कर दिया गया है। 'बिग बॉस 20' में एक नया ट्विस्ट देखा गया। बिग बॉस ने घर के अंदर यंग डीएसए, रोहेद खान, आसिफ खान और स्काउट पर घर के दूसरे सदस्यों को बाहर निकालने की योजना बनाने का आरोप लगाया। कप्तान होने के कारण यंग तो सजा से बच गए, लेकिन नियमों के कथित उल्लंघन के कारण रोहेद, आसिफ और स्काउट को सीधे एलिमिनेशन के लिए नॉमिनेट कर दिया गया। बता दें कि एपिसोड की शुरुआत नॉमिनेशन प्रक्रिया से हुई, जिससे घर के अंदर कई समीकरण सामने आए। प्रतिभागियों से उन साथी सदस्यों के नाम बताने को कहा गया, जिन्हें वे घर से बाहर होते देखना चाहते थे। इसके चलते तीखी बहस हुई और कई नाम सामने आए। आम्रपाली, अरिशफा, माही, आसिफ, अमन, उदिति, गुल्लू और स्काउट जैसे कई सदस्य नॉमिनेशन से जुड़ी चर्चाओं के केंद्र में रहे। एलिमिनेशन नॉमिनेशन में आम्रपाली, ईशा, आसिफ और लव जैसे नामों का भी जिक्र किया गया। मगर, एपिसोड खत्म होते-होते एक नया ट्विस्ट आया, जिसने सभी को चौंका दिया। बिग बॉस ने यंग, रोहेद, आसिफ और स्काउट पर अन्य घरवालों को घर से बाहर भेजने की कथित साजिश रचने का आरोप लगाया।


## मैं काम से रिटायर नहीं हो रहा हूं : बिग बी

नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन 83 उम्र के हैं, लेकिन इस उम्र में भी वह काम को लेकर काफी एक्टिव रहते हैं। वह लंबे घंटे तक काम करते हैं और सोशल मीडिया पर भी एक्टिव रहते हैं और अपनी लाइफ और काम को लेकर एक्स और ब्लॉग के जरिए फैंस को अपडेट देते रहते हैं। अब हाल ही में बिग बी ने एक पोस्ट किया जिसके बाद ये अफवाह आने लगी कि बिग बी रिटायरमेंट ले सकते हैं। अब बिग बी का इस पर रिएक्शन आया है। बिग बी ने अपने ब्लॉग में क्लीयर किया कि वह रिटायरमेंट नहीं ले रहे हैं और उनके रिटायर फॉर द डे का मतलब ये नहीं था कि वह रिटायर ले रहे हैं बल्कि उनका मतलब है कि वह दिन के काम से रिटायर होकर सो रहे हैं। इसके अलावा बिग बी ने उन कुछ मीडिया वेबसाइट और सोशल मीडिया पेज की आलोचना की जिन्होंने उनके रिटायरमेंट की खबर लिखी। बिग बी ने आगे लिखा, 'जी नहीं हुजूर, मैं काम से रिटायर नहीं हो रहा हूं। अंग्रेजी में इसका मतलब होता है मैं अब सोने जा रहा हूं और वहां मान्यवर आपको आने का निमंत्रण नहीं है।'



# राधिका का अनोखा गणपति लुक भरतनाट्यम से जमाया रंग

*मुंबई। मुंबई में अंबानी परिवार का गणपति उत्सव हर साल अपनी भव्यता के लिए चर्चा में रहता है। इस बार भी अंटीलिया में गणपति बप्पा के स्वागत के लिए खास आयोजन किया गया, जिसमें परिवार के सदस्यों के साथ बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियां भी शामिल हुईं। हालांकि, इस पूरे समारोह में राधिका मर्चेंट का अंदाज कुछ अलग रहा। उन्होंने सिर्फ अपने आउटफिट से ही ध्यान नहीं खींचा, बल्कि भरतनाट्यम प्रस्तुति के जरिए भारतीय संस्कृति और फैशन के खूबसूरत मेल को भी सामने रखा। राधिका मर्चेंट प्रशिक्षित भरतनाट्यम डांसर हैं और गणेश चतुर्थी के इस शुभ अवसर पर उन्होंने अंटीलिया में खास प्रस्तुति दी। इस परफॉर्मेंस के लिए उनका पहनावा भी साधारण नहीं था। उनके लिए खास तौर पर तैयार किया गया आउटफिट भारतीय पारंपरिक टेक्सटाइल की खूबसूरती और क्लासिकल डांस की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया था। यही वजह रही कि उनका लुक सिर्फ देखने में खूबसूरत नहीं लगा, बल्कि उनकी डांस परफॉर्मेंस के साथ भी पूरी तरह जुड़ा हुआ नजर आया।*



# एमी अवॉड्र्सः मैथ्यू बने बेस्ट लीड एक्टर, जीन स्मार्ट ने रचा इतिहास

लॉस एंजिल्स। 78वें प्राइमटाइम एमी अवॉड्र्स 2026 के मुख्य विजेताओं का ऐलान हो चुका है। बता दें कि इससे एक सप्ताह पहले तकनीकी और सहायक श्रेणियों के लिए क्रिएटिव आर्ट्स एमी अवॉड्र्स प्रदान किए गए थे। अब मुख्य विनर्स की लिस्ट भी सामने आ चुकी है। हॉरर-कॉमेडी विडोज बे, हैक्स और द पिट के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला है।

*मैथ्यू राइस ने झटके दो अवॉर्ड, बनाया रिकॉर्ड* : अवॉर्ड सेरेमनी में मैथ्यू ने एक रिकॉर्ड कायम किया है। मैथ्यू ने एक नहीं, बल्कि दो अवॉर्ड जीते। इसी के साथ मैथ्यू राइस ने एक ही रात में दो 'लीड एक्टर' अवॉर्ड जीतकर एमी अवॉड्र्स के इतिहास में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। वे इस सेरेमनी के इतिहास में ऐसा करने वाले पहले एक्टर बन गए हैं। सोमवार को हुई सेरेमनी में मैथ्यू ने पहले नेटफ्लिक्स की 'द बीस्ट इन मी' में अपने काम के लिए 'लीड एक्टर (लिमिटेड)' का अवॉर्ड जीता। इसके बाद उन्होंने 'विडोज बे' के लिए 'लीड कॉमेडी एक्टर' का अवॉर्ड अपने नाम किया।

*जीन स्मार्ट ने रचा इतिहास* : अभिनेत्री जीन स्मार्ट को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का एमी



पुरस्कार मिला है। उन्हें 'हैक्स' के लिए यह प्रदान किया गया है। यह उनका लगातार पांचवी बार 'लीड एक्ट्रेस' का अवॉर्ड है। वह ऐसी पहली कलाकार हैं, जिन्होंने किसी सीरीज के पूरे रन के हर सीजन के लिए एक्टिंग एमी जीता हो। इसी के साथ जीन ने इतिहास रच दिया है। यह उनके करियर का आठवां एमी पुरस्कार है।

*नोह वाइल, रिया सीहोर्न ने भी झटकी ट्रॉफी* : एमी पुरस्कार पर नोह वाइल का भी कब्जा रहा। नोह ने 'द पिट' के लिए ड्रामा सीरीज में लीड एक्टर का अवॉर्ड जीता। इसके अलावा रिया सीहोर्न ने प्लूरिबस के लिए ड्रामा सीरीज में मुख्य अभिनेत्री का पुरस्कार जीता है। वहीं, लिंडा कार्डेलिनी और डेविड हार्बर ने डीटीएफ सेंट लुइस के लिए सपोर्टिंग एक्टिंग अवॉर्ड जीते हैं।

### मुख्य अवॉर्ड सेरेमनी के विजेताओं की लिस्ट कुछ इस तरह है

*ड्रामा श्रेणी के विजेता* : लीड एक्टर के तौर पर नोह वाइल ने 'द पिट' के लिए पुरस्कार जीता

मुख्य अभिनेत्री के लिए रिया सीहोर्न ने 'प्लूरिबस' के लिए अवॉर्ड

सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड एलिसन जैनी ने 'द डिप्लोमैट' के लिए जीता

गेस्ट एक्टर का अवॉर्ड अर्नेस्ट हार्डन जूनियर ने 'द पिट' के लिए जीता

गेस्ट एक्टर का अवॉर्ड अर्नेस्ट हार्डन जूनियर ने 'द पिट' के लिए जीता

गेस्ट एक्ट्रेस शैलीन वुडली को 'पैराडाइज' के लिए पुरस्कार मिला

*कॉमेडी सीरीज श्रेणी के विजेता* : 'हैक्स' के लिए लीड एक्ट्रेस के तौर पर जीन स्मार्ट

'विडोज बे' के लिए सपोर्टिंग अभिनेता स्टीफन रूट

'विडोज बे' के लिए सपोर्टिंग एक्ट्रेस बनीं केट ओ'फ्लिन

गेस्ट एक्टर का अवॉर्ड रॉब रेनर को 'द बेयर' के लिए मिला।

गेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड बेट्टी गिलपिन को 'विडोज बे' के लिए मिला

## इस सप्ताह लगेगा क्राइम-सस्पेंस और रोमांस का तड़का

# ओटीटी पर दस्तक देंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। नया वीक शुरू हो गया है। मनोरंजन के शौकीनों को नई फिल्मों और सीरीज का इंतजार होगा। सिनेमाघरों में छह हफ्ते बाद भी हनुमान अंश छाई हुई है। मिर्जापुर' भी बॉक्स ऑफिस की गद्दी पर काबिज है। दायरा और वाइब जैसी फिल्में इस नए वीक में दस्तक देंगी। इस बीच ओटीटी पर भी माहौल जबर्दस्त रहने वाला है। क्राइम, सस्पेंस थ्रिलर से लेकर रोमांटिक सीरीज और फिल्में इस वीक में रिलीज होंगी।*

### लस्ट स्टोरीज सीजन 3

इस सप्ताह सबसे ज्यादा चर्चा इसी सीरीज को लेकर हो रही है। चर्चित सीरीज 'लस्ट स्टोरीज' का तीसरा सीजन आएगा। इस बार आधुनिक रिश्तों, ख्वाहिशों और इमोशंस की थीम पर बनी ये सीरीज दर्शकों का कितना ध्यान आकर्षित करती है, देखना दिलचस्प होगा। राधिका आप्टे, कोंकणा सेन शर्मा, अदिति राव हैदरी, विजय वर्मा, राधिका मदान, अली फजल और सिद्धार्थ अभिनीत यह सीरीज 18 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसे विक्रमादित्य मोटवाने, किरण राव, शकुन बत्रा और विशाल भारद्वाज ने निर्देशित किया है।

### थुडक्कम

मलयालम एक्शन थ्रिलर फिल्म 'थुडक्कम' भी इस सप्ताह दस्तक देगी। बता दें कि जूड एंथनी जोसेफ निर्देशित यह फिल्म 07 अगस्त को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी। इसे काफी पसंद किया गया। अब यह फिल्म 18 सितंबर को जियो हॉटस्टार पर रिलीज होने जा रही है। आशीष जो एंटनी और मोहनलाल अभिनीत फिल्म ने सिनेमाघरों में अच्छा परफॉर्म किया था। आशीष इसमें खलनायक की भूमिका में हैं।




### द स्कैंडल

साउथ कोरियन पीरियड रोमांस ड्रामा सीरीज 'द स्कैंडल' भी इस बार की लिस्ट में शामिल है। इसे ली सेउंग-यंग और आन हे-सोंग ने लिखा है। जंग जी-वू ने डायरेक्ट किया है। इसकी कहानी कोरिया के जोसोन राजवंश के समय पर आधारित है और यह उन लोगों की कहानी है जो समाज के सख्त नियमों को तोड़कर प्यार और आकर्षण के एक खतरनाक खेल में शामिल हो जाते हैं। दर्शक इसे 18 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर देख सकेंगे। इसमें सोन ये-जिन और जी चांग-वूक अहम भूमिकाओं में हैं।

### मोबलैंड सीजन 2



ब्रिटिश क्राइम ड्रामा सीरीज का दूसरा सीजन इस वीक रिलीज होगा। 10 एपिसोड वाली मोबलैंड सीजन 2 सीरीज 18 सितंबर से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। यह एक बड़े माफिया परिवार और उनके बीच सत्ता के संघर्ष की कहानी पर आधारित है।

### इरुमुडी

रवि तेजा की यह फिल्म भी इस सप्ताह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आएगी। यह एक्शन-ड्रामा फिल्म 21 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 18 सितंबर से यह नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

### मैंगो पच्चा

अगर क्राइम ड्रामा फिल्मों में दिलचस्पी है तो इस वीक 'मैंगो पच्चा' आप देख सकते हैं। यह फिल्म इस साल जून में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 14 सितंबर से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है। यह कन्नड़ क्राइम थ्रिलर फिल्म है। इसके जरिए संचित संजीव ने डेब्यू किया है, जो कि किच्चा सुदीप के भतीजे हैं।

### कट्टलन

यह मलयालम भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो इस साल मई में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस वीक यह हिंदी भाषा में ओटीटी पर रिलीज हो रही है। रोमांच से भरपूर यह एक्शन ड्रामा फिल्म सोनी लिव पर 18 सितंबर से स्ट्रीम होगी। फिल्म में एंटनी वर्गीस, सुनील, और कबीर दूहन सिंह मुख्य भूमिकाओं में हैं।

# मेस्सी का ग्रैंड फेयरवेल
## अर्जेंटीना की जर्सी में विदाई मैच

ब्यूनस आयर्स

लियोनेल मेस्सी भले ही अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले चुके हैं लेकिन यह स्टार स्ट्राइकर 6 अक्टूबर को अर्जेंटीना की तरफ से विदाई मैच खेल सकता है। क्लब स्तर पर इंटर मियामी की तरफ से खेल रहे 39 वर्षीय मेस्सी को घरेलू अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों के लिए अर्जेंटीना की 28 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। मेस्सी ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है कि वह टीम में शामिल होंगे या नहीं, लेकिन अर्जेंटीना फुटबॉल के प्रमुख ने कहा कि इस दिग्गज खिलाड़ी ने 6 अक्टूबर को ब्यूनस आयर्स में बेनिन के खिलाफ होने वाले मैच के लिए निमंत्रण स्वीकार कर लिया है, जिससे वह शानदार तरीके से अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह सकें। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ के अध्यक्ष क्लाउडियो तापिया ने कहा, 'सीनियर राष्ट्रीय टीम के कोच लियोनेल स्कालोनी के साथ बातचीत के बाद हमने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, हमारे आदर्श, हमारे कप्तान लियोनेल मेस्सी को आमंत्रित करने का फैसला किया, ताकि उन्हें छह अक्टूबर को वह विदाई मिल सके जिसके वे हकदार हैं।'



## आज शाम 7.30 बजे से भारत-अफगानिस्तान टी20 सीरीज का अंतिम मैच

# 'क्लीन स्वीप' पर भारत की नजर वैभव को मिल सकता है मौका

नई दिल्ली

पहले दोनों मैच जीत कर श्रंखला में अजेय बढ़त हासिल कर चुकी भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ गुरुवार को होने वाले तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में क्लीन स्वीप के इरादे से मैदान पर उतरेगी, जिसमें वैभव सूर्यवंशी जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी को मौका मिल सकता है। भारतीय टीम ने पहले दो मैच में दमदार प्रदर्शन किया और अफगानिस्तान को खेल के हर विभाग में पस्त किया।

### टीम संयोजन में हो सकता बदलाव

भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि फिरोजशाह कोटला में होने वाले तीसरे और अंतिम मैच में टीम संयोजन में बदलाव हो सकता है ताकि सभी खिलाड़ियों को 19 सितंबर से शुरू होने वाले एशियाई खेलों के लिए जापान रवाना होने से पहले जरूरी मैच अभ्यास का मौका मिल सके। अब तक के चयन से यह स्पष्ट हो गया है कि भारत सूर्यवंशी को जगह देने के लिए कोई विशेष प्रयास करने को तैयार नहीं है। सूर्यवंशी ने जुलाई में इंग्लैंड दौरे पर पदार्पण किया था क्योंकि तब संजू सैमसन सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे। अब सैमसन और अभिषेक शर्मा दोनों ही अच्छी फॉर्म में हैं। यह दोनों खिलाड़ी एक ही प्रारूप में नियमित रूप से खेलते हैं और इसलिए वह भी विश्राम नहीं लेना चाहेंगे। ऐसे में टीम प्रबंधन को बदलाव का फैसला करना होगा।



### परिस्थितियों से परिचित हो जाएं खिलाड़ी

अय्यर ने कहा, 'हम चाहते हैं कि सभी खिलाड़ी विकेट और परिस्थितियों से परिचित हो जाएं और अभ्यास भी कर लें। इसलिए यह उन खिलाड़ियों को मौका देने का अच्छा अवसर होगा, जो लंबे समय से बाहर हैं।' ईशान किशन को विश्राम देकर सूर्यवंशी को अंतिम एकादश में शामिल करने का विकल्प भी मौजूद है। किशन ने राष्ट्रीय टीम में शामिल होने से पहले दलीप ट्रॉफी में पूर्वी क्षेत्र की कप्तानी की थी। सैमसन मौजूदा सीरीज में विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

### रेड्डी और दुबे नहीं मिला बल्लेबाजी का मौका

इसके साथ ही टीम प्रबंधन चाहेगा कि अय्यर और तिलक वर्मा को क्रीज पर कुछ समय बिताने का मौका मिले, क्योंकि शुरुआती दो मैचों में शीर्ष तीन बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से बाकी बल्लेबाजों को खेलने का खास मौका नहीं मिला। आलम यह है कि नीतीश कुमार रेड्डी और शिवम दुबे जैसे खिलाड़ियों को अभी तक बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिला है। नीतीश कुमार रेड्डी ने मंगलवार को दूसरे मैच में 24 रन देकर तीन विकेट लिए जो टीम के लिए अच्छा संकेत है। उन्हें चोटिल हार्दिक पांड्या के बैकअप के रूप में देखा जाता है। चोटिल वरुण चक्रवर्ती की जगह खेल रहे रवि बिश्नोई ने दूसरे मैच अच्छा प्रदर्शन किया और उन्हें एक और मौका दिए जाने की संभावना है। जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह हमेशा की तरह प्रभावशाली रहे।

### अफगानी बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक

अफगानिस्तान को पावरप्ले में भारत के अनुभवी तेज गेंदबाजों का सामना करने का तरीका ढूंढना होगा। बल्लेबाजी में उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा है और यही वजह है कि वह भारत के सामने कड़ी चुनौती पेश नहीं कर पाया है। अगर अफगानिस्तान को फिर से पहले बल्लेबाजी करने का मौका मिलता है तो उसे भारत को चुनौती देने के लिए कम से कम 200 रन बनाने होंगे। एक और करारी हार के बाद अफगानिस्तान के कप्तान इब्राहिम जादरान ने कहा, 'हमने इस बारे में बात की कि 150-160 के स्कोर को 200 रन में कैसे तब्दील किया जाए। अगर आप अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे मजबूत टीम को हराना चाहते हैं तो हमारे बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।'

**मैच का समय : शाम 7.30 बजे**

## खबर संक्षेप



### इंग्लैंड की श्रीलंका पर बड़ी जीत, ब्रूक ने ठोका शतक

**साउथम्प्टन।** इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने केवल 49 गेंद पर नाबाद 114 रन की पारी खेली, जिससे इंग्लैंड ने तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में श्रीलंका को 119 रन से करारी शिकस्त दी। ब्रूक ने अपनी तूफानी पारी में 10 चौके और 6 छक्के लगाए। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज जोस बटलर ने भी 44 गेंद पर 80 रन का योगदान दिया, जिससे इंग्लैंड पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 254 रन का विशाल स्कोर बनाने में सफल रहा। इस तरह से वह अब तक टी20 प्रारूप में बिना आउट हुए 288 रन बना चुके हैं। श्रीलंका की टीम बड़े लक्ष्य के सामने लड़खड़ा गई और 19 ओवर में 135 रन पर आउट हो गई। उसकी तरफ से दुनिथ वेलालगे ने सर्वाधिक के 33 रन बनाए। इंग्लैंड की तरफ से सन्नी बेकर सबसे सफल गेंदबाज रहे।

### एशियन गेम्स के लिए श्रीलंका महिला टीम का ऐलान



**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट ने एशियन गेम्स 2026 के लिए 15 सदस्यीय महिला टीम का ऐलान किया है। टीम की कमान चामरी अटापट्टू के हाथों में सौंपी गई है। एशियन गेम्स के लिए चुनी गई टीम में अनुभवी और उभरते हुए खिलाड़ियों का मिश्रण है। एशिया कप की टीम में शामिल कई खिलाड़ियों को एशियन गेम्स 2026 के स्क्वॉड में जगह नहीं दी गई है। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप और एशिया कप के दौरान शानदार प्रदर्शन करने वालीं विष्मी गुणरत्ने को 15 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया है। नीलाक्षिका सिल्वा को भी टीम में जगह नहीं दी गई है। एशिया कप में श्रीलंकाई टीम में वापसी करने वालीं चेतना विमुक्ति को भी टीम में जगह नहीं दी गई है। चयनकर्ताओं ने टीम में दो होनहार युवा खिलाड़ियों को भी शामिल किया है।

### मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए खेलेंगी डॉटिन

**मेलबर्न।** आगामी विमेंस बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) सीजन से पहले मेलबर्न रेनेगेड्स को बड़ी राहत मिली है। वेस्टइंडीज की स्टार ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन ने एक और सीजन टीम रेनेगेड्स की तरफ से खेलने की पुष्टि की है।



टी20 क्रिकेट की सबसे दमदार ऑलराउंडरों में से एक मानी जाने वाली डॉटिन डब्ल्यूबीबीएल 11 में टीम के सभी मैचों में खेलने के बाद रेनेगेड्स के साथ अपना तीसरा सीजन शुरू करेंगी। उनकी वापसी रेनेगेड्स की ओर से वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर हेली मैथ्यूज के साथ फिर से करार करने के बाद हुई है। इस जोड़ी ने डब्ल्यूबीबीएल 10 में मेलबर्न की पहली डब्ल्यूबीबीएल खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

## 14 जनवरी से डब्ल्यूपीएल के मुकाबले

नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को बताया कि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का पांचवां सत्र 14 जनवरी से 7 फरवरी 2027 तक खेला जाएगा और इसके लिए खिलाड़ियों की नीलामी 28 अक्टूबर को कोच्चि में होगी।

बीसीसीआई ने हालांकि अभी डब्ल्यूपीएल के आयोजन के लिए मेजबान शहरों के नामों का खुलासा नहीं किया है। बीसीसीआई ने कहा, 'महिला क्रिकेट की सबसे बड़ी टी20 लीग के रूप में टाटा डब्ल्यूपीएल ने इस खेल के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के तौर पर अपनी पहचान बनाई है। यह लीग भारत और दुनिया भर की शीर्ष खिलाड़ियों को एक साथ लाने के साथ उभरती प्रतिभाओं को शीर्ष स्तर पर प्रदर्शन करने के अवसर भी प्रदान करती है।' खिलाड़ियों को रिटेन करने की अंतिम तारीख 28 सितंबर तय की गई है। बीसीसीआई ने कहा कि पांचों फ्रेंचाइजी को अपने मौजूदा दल के खिलाड़ियों को बरकरार रखने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही वे आगामी सत्र के लिए अपने टीम संयोजन को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया शुरू करेंगी।



## आईसीसी रैंकिंग : टॉप 2 पर पहुंचे अभिषेक

दुबई

आईसीसी की ताजा टी20 इंटरनेशनल रैंकिंग में अभिषेक शर्मा को जबरदस्त फायदा पहुंचा है। अफगानिस्तान के खिलाफ पहले दो टी20 में दमदार प्रदर्शन करने के साथ अभिषेक बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे नंबर पर आ गए हैं। वहीं, ईशान किशन दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज बने हुए हैं।

अफगानिस्तान के खिलाफ खेली जा रही सीरीज के पहले टी20 में 82 और दूसरे मुकाबले में 39 रनों की दमदार पारी खेलने के साथ ही अभिषेक ने एक स्थान ऊपर की छलांग लगाई हैं और उन्होंने साहिबजादा फरहान को पीछे छोड़ दिया है। अभिषेक और ईशान किशन के बीच अब 51 रेटिंग प्वाइंट्स का फासला है। दूसरे टी20 में तूफानी अर्धशतकीय पारी खेलने का फायदा संजू सैमसन को भी मिला है। सैमसन चार पायदान ऊपर चढ़कर अब 30वें नंबर पर आ गए हैं।



### बुमराह ने लगाई 7 पायदान की छलांग

भारत के गेंदबाजों ने भी आईसीसी की ताजा टी20 रैंकिंग में अच्छी बढ़त हासिल की है। वरुण चक्रवर्ती दो स्थान ऊपर चढ़कर पांचवें नंबर पर पहुंच गए, जबकि जसप्रीत बुमराह सात स्थान ऊपर चढ़कर 10वें नंबर पर आ गए। अर्शदीप सिंह 11 स्थान की छलांग लगाकर 14वें नंबर पर पहुंच गए और मेजबान टीम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने के बाद अक्षर पटेल छह स्थान ऊपर चढ़कर 27वें नंबर पर आ गए।

### एलिस 20वें नंबर पर पहुंचे

अफगानिस्तान के ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई भी सीरीज के पहले मैच में नाबाद अर्धशतक लगाने के बाद टी20 इंटरनेशनल ऑलराउंडर रैंकिंग में ऊपर चढ़े हैं। हरारे में सीरीज के पहले मैच में जिम्बाब्वे पर 59 रन से जीत के बाद तीन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने वनडे रैंकिंग में अपनी स्थिति बेहतर की है। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज नाथन एलिस पांच विकेट लेने के बाद वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में 20 स्थान ऊपर चढ़कर 20वें नंबर पर पहुंच गए। 109 रन बनाकर 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए मैथ्यू रेनशॉ बल्लेबाजों की रैंकिंग में 68वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

## एशियाई खेलों में खेलेंगे विपराज, वरुण बाहर

नई दिल्ली

अनुभवी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती बाजू में खिंचाव के कारण एशियाई खेलों से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह लेग स्पिन ऑलराउंडर विपराज निगम को भारतीय टीम में शामिल किया गया है।

एशियाई खेल 19 सितंबर को जापान के आइची-नागोया में शुरू होंगे। बीसीसीआई के सूत्र ने बताया, 'वरुण अनिश्चितकाल के लिए टीम से बाहर हो गए हैं। विपराज निगम और कुलदीप यादव के रूप में हमारे पास दो विकल्प थे। कुलदीप इस महीने के आखिर में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे श्रृंखला खेलेंगे।' आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व करने वाले 22 वर्षीय निगम ने अब तक लीग में 19 मैच खेले हैं और 13 विकेट लिए हैं। इस 21 वर्षीय इस खिलाड़ी ने लंबे शॉट लगाने की अपनी काबिलियत का भी अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में लगभग 176 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। एशियाई खेलों में पुरुषों की क्रिकेट प्रतियोगिता 24 सितंबर से शुरू होगी।



### तीन सत्र बाद इस साल भारत में होगी आईपीएल नीलामी

**नई दिल्ली।** पिछले तीन सत्र विदेश में कराने के बाद आईपीएल 2027 सत्र के लिए खिलाड़ियों की नीलामी भारत में होगी। आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने यह जानकारी दी। पिछले तीन सत्र में नीलामी दुबई, जेद्दा और अबुधाबी में हुई है। धूमल ने कहा,' हर साल हम कोशिश करते हैं कि यह भारत में हो लेकिन शादियों के समय के कारण हमें जगह नहीं मिलती। इस बार हम भारत में ही कराएंगे क्योंकि यह छोटी नीलामी होगी और हमें वेन्यू मिल जाएगा।' बीसीसीआई की 18 सितंबर को होने वाली एजीएम के दौरान धूमल का आईपीएल चेयरमैन फिर चुना जाना तय है। नीलामी कहां होगी, यह बीसीसीआई के पसंदीदा शहरों में उपलब्धता पर निर्भर करेगा।

## पैरा निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप : मिली, मोना, अवनि को स्वर्ण



**नई दिल्ली।** मिली शाह, मोना अग्रवाल और अवनि लेखरा ने दक्षिण कोरिया में चांगवोन 2026 डब्ल्यूएसपीएस पैरा निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं की दस मीटर एयर राइफल आर2 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। राकेश निदागुंडी, आनंदा कृष्णा और स्वरूप उन्हालकर ने पुरुषों की दस मीटर एयर राइफल आर1 स्टैंडिंग एसएच 1 टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। महिला टीम ने कुल 1878.6 अंक लेकर पहला स्थान पाया। मोना को व्यक्तिगत वर्ग में रजत और अवनि को कांस्य पदक मिला। आर1 वर्ग में हाथों या पैरों में विकलांगता वाले पुरुष एथलीट 10 मीटर दूर स्थित टारगेट पर निशाना लगाने के लिए खड़े या बैठे हुए अपनी राइफल का पूरा वजन खुद ही संभालते हैं। आर2 में ऐसी महिला प्रतियोगी शामिल होती हैं, जिनके पैरों में अक्षमता होती है और जो खड़े होकर या बैठकर शूटिंग करते समय राइफल को खुद ही संभालती हैं।

## 11 साल बाद चाइना ओपन में जोकोविच की वापसी

### कहा- वापसी को लेकर उत्साहित हूं



नई दिल्ली

सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने पुष्टि की है कि वह चाइना ओपन खेलने के लिए बीजिंग लौटेंगे। यह एटीपी 500 टूर्नामेंट में उनकी 11 साल बाद पहली वापसी होगी।

24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने सोशल मीडिया पर इस बात की घोषणा की। उन्होंने चीनी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में संदेश साझा करते हुए उस शहर में लौटने पर अपना उत्साह व्यक्त किया, जहां उन्हें अपने करियर की शुरुआत में शानदार सफलता मिली थी।

### कई वर्षों के बाद लौट रहा हूं बीजिंग

जोकोविच ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'इंस्टाग्राम' पर साझा किए गए एक वीडियो में कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मैं कई वर्षों के बाद चाइना ओपन खेलने के लिए बीजिंग लौट रहा हूं। मैं वापस आने और आप सभी के सामने नेशनल टेनिस सेंटर में खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यह टेनिस के सबसे अच्छे वेन्यू में से एक है, एक ऐसी जगह जहां मेरे करियर की अविश्वसनीय यादें और बड़ी सफलताएं जुड़ी हैं। मैं सभी चीनी प्रशंसकों को उनके वर्षों के प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

### 2015 में खेला था चाइना ओपन

24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने आखिरी बार 2015 में चाइना ओपन खेला था। इससे पहले वह 2009 से 2015 के बीच छह बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले चुके थे। अब 39 साल के जोकोविच एक बार फिर बीजिंग लौटने जा रहे हैं। हालांकि, उनका हालिया प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था, क्योंकि यूएस ओपन 2026 में उन्हें पहले ही दौर में अर्जेंटीना के मारियानो नवोन के खिलाफ चौंकाने वाली हार झेलनी पड़ी थी। यूएस ओपन में मिली हार के कारण जोकोविच कई वर्षों में पहली बार एटीपी की टॉप 10 रैंकिंग से बाहर हो गए हैं। सर्बियाई खिलाड़ी अभी विश्व रैंकिंग में 12वें नंबर पर हैं।

## स्वर्ण पदक के लिए जापान पहुंची भारतीय महिला क्रिकेट टीम

# एशिया कप के बाद अब एशियन गेम्स पर फोकस

टोकियो

भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि उनकी खिलाड़ी एशियाई खेलों के अनूठे माहौल का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं।

एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन भारतीय टीम हाल की अपनी सफलताओं को जारी रखने की प्रतिबद्धता के साथ जापान पहुंची है। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम ने हाल ही में दुबई में टी20 एशिया कप का खिताब जीता था। अब उसका पूरा ध्यान एशियाई खेलों पर केंद्रित है, जहां वह फिर से स्वर्ण पदक जीतने के लिए प्रतिबद्ध है।

### भारतीय टीम ने 2023 में हासिल किया था सोने का तमगा

भारतीय टीम ने 2023 में हांगझोऊ में सोने का तमगा हासिल किया था। मजूमदार ने अपने सहयोगी स्टाफ और टीम की कुछ सदस्यों के साथ पहुंचने के बाद कहा, ' टीम एशियाई खेलों में भाग लेने को लेकर उत्साहित है। वह इस बहु खेल प्रतियोगिता का पूरा आनंद लेना चाहती है।' टीम के जो सदस्य कोचिंग स्टाफ के साथ यहां पहुंचे हैं उनमें तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ और स्पिनर श्रीचरणी भी शामिल हैं।



### प्रतिस्पर्धा करने का आनंद लें खिलाड़ी

मजूमदार ने कहा कि वह चाहते हैं कि उनके खिलाड़ी विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों के साथ रहने, खेल गांव के माहौल और कई खेलों वाली प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करने का पूरा आनंद लें। उन्होंने कहा, ' टीम को एशियाई खेलों के माहौल का अनुभव हासिल करने का बेसब्री से इंतजार है। हम चाहते हैं कि खिलाड़ी इसका भरपूर आनंद लें।' उन्होंने यह भी कहा कि टीम को आवास को लेकर कोई समस्या नहीं है।

### अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में भारत का प्रदर्शन शानदार

*भारतीय टीम का हाल में प्रदर्शन शानदार रहा है। उसने टी20 एशिया कप जीता है और अन्य अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में भी शानदार प्रदर्शन किया है। इस दौरान 22 वर्षीय श्रीचरणी का प्रदर्शन शानदार रहा। बाएं हाथ की स्पिनर ने एशिया कप में 12 विकेट लिए, जिनमें श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में लिए गए 4 विकेट भी शामिल हैं। अपनी लगातार अच्छी गेंदबाजी के चलते उन्होंने केवल 30 मैचों में ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 50 विकेट का आंकड़ा पार कर लिया है। महिला क्रिकेट में केवल 8 टीम भाग ले रही हैं और भारत अपने अभियान की शुरुआत क्वार्टर फाइनल से करेगा।*

भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक भारतीय युद्धपोत नियमित निगरानी मिशन पर था। इसी दौरान पाकिस्तानी जहाज तेज रफ्तार में आया और गलत दिशा में मुड़ गया, जिससे दोनों जहाज टकरा गए

### अरब सागर में भारतीय युद्धपोत से टकराया पाकिस्तानी जहाज

# भारत ने पाक राजनियक को किया तलब कहा- घटना अस्वीकार्य और गैर-पेशेवर

नई दिल्ली

पाकिस्तानी नौसेना का एक जहाज अरब सागर के अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में भारतीय नौसेना के जहाज से टकरा गया। घटना कब की है, इसकी जानकारी नहीं दी गई है। भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक, भारतीय युद्धपोत नियमित निगरानी मिशन पर था। इसी दौरान पाकिस्तानी जहाज तेज रफ्तार में आया और गलत दिशा में मुड़ गया, जिससे दोनों जहाज टकरा गए। पाकिस्तानी जहाज का नाम पीएनएस हुनैन है। इसे समुद्री निगरानी और गश्त के लिए इस्तेमाल किया जाता है। टक्कर में इसको नुकसान पहुंचा है। हालांकि, भारतीय नौसेना के जिस जहाज से इसकी टक्कर हुई, इसका पता नहीं चल पाया है। घटना के बाद भारत ने नई दिल्ली में पाकिस्तान हाई कमीशन के चार्ज डी'अफेयर्स (सीडीए) को तलब किया और कड़ा विरोध दर्ज कराया। भारत ने घटना को अस्वीकार्य और गैर-पेशेवर बताया।

**पाकिस्तानी जहाज का आचरण समझौते के विपरीत**

**दोनों देशों की सैन्य इकाइयों से सावधानी बरतने की अपील**



एआई इमेज

### 2011 में टकराए थे भारतीय-पाकिस्तानी जहाज

भारत और पाकिस्तान की नौसेनाओं के बीच समुद्र में इस तरह की घटना पहले भी हो चुकी है। 2011 में भारतीय नौसेना के आईएनएस गोदावरी और पाकिस्तानी नौसेना के पीएनएस बाबर के बीच भी टक्कर हुई थी। टक्कर को लेकर पाकिस्तान ने आरोप लगाया था कि भारतीय जहाज ने उसके काम में रुकावट डाली और खतरनाक तरीके से जहाज चलाया। भारत ने इस आरोप को गलत बताया। भारत के मुताबिक, पीएनएस बाबर ने आईएनएस गोदावरी को दाईं तरफ से पार करने की कोशिश की और इसी दौरान उसके हेलिकॉप्टर डेक वाले हिस्से से टकरा गया। इस दौरान हेलिकॉप्टर का जाल क्षतिग्रस्त हुआ था। भारत ने तब भी 1991 के समझौते के आर्टिकल 10 का हवाला देते हुए पाकिस्तान के सामने विरोध दर्ज कराया था। पीएनएस बाबर, सोमालियाई समुद्री लुटेरों से छुड़ाए गए एमवी सुएज जहाज को सुरक्षित ले जा रहा था। यह मिस्र के मालिकाना हक वाला जहाज था। इसे सोमालियाई समुद्री लुटेरों ने बंधक बना लिया था।

### भारत की चेतावनी, घटना दोबारा न हो

*विदेश मंत्रालय ने बताया कि पाकिस्तानी प्रभारी राजनयिक को बुधवार को विदेश मंत्रालय में तलब किया गया। उन्हें पाकिस्तानी अधिकारियों तक भारत की कड़ी आपत्ति पहुंचाने को कहा गया। भारत ने इस घटना के माध्यम से सैन्य गतिविधियों के दौरान सावधानी और संबंधित समझौतों के पालन की आवश्यकता पर जोर दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सभी सैन्य इकाइयों को समुद्र में उचित सावधानी बरतने और दोनों देशों के बीच लागू समझौतों के प्रावधानों का सम्मान करने की जरूरत है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।*

### इस्लामाबाद में भी दर्ज कराया जाएगा विरोध

*भारत ने इस मामले को केवल नई दिल्ली तक सीमित नहीं रखा है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस्लामाबाद स्थित भारत के प्रभारी राजनयिक को भी पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के समक्ष इसी तरह का विरोध दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है।*

### अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में हुआ हादसा

*विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह घटना अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में हुई। हालांकि, टक्कर से कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तानी नौसैनिक पोत का आचरण अप्रैल 1991 में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य अभ्यास, युद्धाभ्यास और सैनिकों की आवाजाही के लिए अग्रिम सूचना देने संबंधी समझौते के अनुच्छेद 10 का सीधे तौर पर उल्लंघन था।*

## खबर संक्षेप

### सूडान में सोने की खदान ढहने से 67 की मौत



**खार्तूम।** सूडान के वेस्ट कोर्डोफान प्रांत के नुहुद शहर स्थित अल-जारा सोने की खदान ढहने से बड़ा हादसा हो गया। हादसे में कम से कम 67 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। यह जानकारी एक चिकित्सा समूह और हादसे में बचे लोगों ने बुधवार को दी। खदान मंगलवार देर रात अचानक ढह गई। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग मलबे के नीचे दब गए।

### 231 किलोग्राम नशे की गोलियां जब्त, 3 अरेस्ट



**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय ने असम और त्रिपुरा के कई इलाकों में खुफिया सूचना के आधार पर नशीली दवाओं मेथामफेटामाइन की सबसे बड़ी बरामदगी की है। जब्ती का मूल्य सैकड़ों करोड़ रुपए में है। डीआरआई अधिकारियों ने बैन पदार्थ और वाहन को जब्त कर चालक सहित 3 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

### विमान का हवा में टायर फटा, सभी यात्री सुरक्षित



**मशहद।** ईरान के मशहद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एक विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान का हवा में ही एक टायर फट गया। सेफरान एयरलाइंस के बोइंग 737 विमान के टायर फटने के बाद इंजन को भी नुकसान पहुंचा। इसके चलते पायलट ने विमान को सुरक्षित वापस मशहद ले जाने का फैसला किया।

### दोहरे भूंकप से सहमा नेपाल, कोई हानि नहीं



**काठमांडू।** नेपाल के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में बुधवार तड़के दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। दोनों भूकंप के बाद तत्काल किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। पहला भूकंप स्थानीय समयानुसार करीब रात 1:51 बजे आया। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.5 मापी गई। भूकंप का केंद्र मुगु जिले के कलाई इलाके के पास बताया गया है।

### एआई को लेकर बिल गेट्स की चेतावनी

# इसके विकास की गति धीमी करने में इंसानियत की भलाई

नई दिल्ली

दिग्गत टेक कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के फांउडर बिल गेट्स उन बड़े नामों की बढ़ती सूची में शामिल हो गए हैं जो इस बात पर सहमत हुए हैं कि एडवांस्ड एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के विकास की रफ्तार धीमी करने से इंसानियत का भला होगा। गेट्स फाउंडेशन की 2026 की रिपोर्ट, 'मेक दिस मैटरः एआई, इक्विटी, एंड द चॉइस वी कांट डिले' यह तर्क देती है कि एआई का भविष्य अनिश्चित है और यह तय करने का समय बहुत कम है कि किसे और कितनी जल्दी इसका लाभ मिलेगा।



बिल गेट्स

बिल गेट्स ने कहा कि एआई एक बहुत ही अनोखी टेक्नोलॉजी है। मैं उन लोगों को सावधान करना चाहता हूं जो सोचते हैं कि एआई के असर को मैनेज करना उतना ही आसान होगा जितना दूसरी टेक्नोलॉजी को मैनेज करना रहा है। जिसमें वे टेक्नोलॉजी भी शामिल है जिनसे मैं अपने माइक्रोसॉफ्ट करियर के दौरान गहराई से जुड़ा था, जैसे पर्सनल कंप्यूटर और इंटरनेट। यह बहुत अलग है, यह बहुत गहरा असर डालने वाली चीज है।

### दुनिया को तैयार होने की जरूरत

एआई की बदलती खूबियों और खुद को बेहतर बनाने की उसकी तेज रफ्तार का जिक्र करते हुए, बिल गेट्स ने संकेत दिया कि वे इस सच्चाई को मानने की ओर झुके हैं कि दुनिया एआई के इतने तेज डेवलपमेंट और उसके नतीजे को समझे बिना उसे अपनाने के लिए तैयार नहीं है। गेट्स ने कहा कि मेरे लिए यह बात बहुत हैरान करने वाली है कि अहम हम चीजों की रफ्तार धीमी कर सकें, तो हमें इस पर विचार करना चाहिए, क्योंकि हमें इतने तेजी से हो रहे बदलाव के लिए तैयार होने की जरूरत है। मैंने अपनी पूरी जिंदगी इनोवेशन को बढ़ावा दिया है। पर्सनल कंप्यूटर माइक्रो-कंप्यूटर क्रांति के अगुआ, जिन्होंने 1975 में अपने पुराने दोस्त पॉल एलन के साथ मिलकर माइक्रोसॉफ्ट की शुरुआत की थी, उसने इस चिंता को माना कि क्या एआई अब इतना स्मार्ट हो गया है कि खतरनाक साबित हो सके।

### एआई को मैनेज करना आसान नहीं

बिल गेट्स ने एआई के प्रभावों को लेकर सचेत करते हुए कहा कि जो लोग सोचते हैं कि एआई के प्रभावों को संभालना उतना ही आसान होगा जितना कि पिछली तकनीकों को संभालना था, वे गलतफहमी में हैं। गेट्स ने बताया कि पर्सनल कंप्यूटर और इंटरनेट क्रांति के दौरान अपने माइक्रोसॉफ्ट करियर में उन्होंने जिस दौर को देखा है, एआई उससे पूरी तरह से अलग और बहुत ज्यादा गहरा है। एआई की तेजी से बढ़ती क्षमता और इसकी संभावित खतरनाक सीमाओं पर बात करते हुए गेट्स फाउंडेशन की 10वीं वार्षिक 'गोलकीपर्स रिपोर्ट' का भी जिक्र किया गया।

### यमन के हूती विद्रोहियों का सऊदी अरब में मक्का के पास ड्रोन से हमला

# भारत ने नागरिकों को खतरे में डालने वाली कार्रवाई की कड़ी निंदा की, जताया विरोध

नई दिल्ली

मक्का के पास कथित ड्रोन हमले को लेकर भारत ने गंभीर चिंता जताई है। सऊदी अरब ने यमन स्थित हूती विद्रोहियों पर पवित्र शहर की ओर ड्रोन भेजने का आरोप लगाया है। भारत ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि मक्का का दुनिया भर के मुसलमानों के लिए विशेष महत्व है। विदेश मंत्रालय ने साथ ही सऊदी अरब की जमीन पर होने वाले हमलों और नागरिकों तथा जरूरी ढांचे को खतरे में डालने वाली किसी भी कार्रवाई का विरोध दोहराया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत मक्का के पास हुए ड्रोन हमले को लेकर बेहद चिंतित है। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब के संप्रभु क्षेत्र पर होने वाले हमलों की भारत निंदा करता है। भारत ने साफ किया कि ऐसी कोई भी कार्रवाई स्वीकार्य नहीं है, जिससे आम लोगों की जान और जरूरी बुनियादी ढांचे को खतरा पैदा हो। भारत ने इस घटना को मक्का की विशेष धार्मिक और वैश्विक अहमियत के कारण खास तौर पर गंभीर बताया है।



रणधीर जायसवाल

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत मक्का के पास हुए ड्रोन हमले को लेकर बेहद चिंतित है। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब के संप्रभु क्षेत्र पर होने वाले हमलों की भारत निंदा करता है। भारत ने साफ किया कि ऐसी कोई भी कार्रवाई स्वीकार्य नहीं है, जिससे आम लोगों की जान और जरूरी बुनियादी ढांचे को खतरा पैदा हो



ड्रोन को हवा में रोका गया

### लोगों से खुले इलाकों में जाने से बचने की अपील

मक्का, जेद्दा और ताइफ में जारी अलर्ट में लोगों से कहा गया कि वे भीड़ और खुले इलाकों में जाने से बचें। लोगों से शांत रहने और किसी भी खतरे की स्थिति में तुरंत सुरक्षित जगह जाने की अपील की गई। लोगों को घर के अंदर रहने और खिड़कियों, बालकनी, छत, कांच और खुली जगहों से दूर रहने को कहा गया है। अगर कोई व्यक्ति घर से बाहर हो, तो उसे तुरंत पास की किसी बिल्डिंग में जाने या किसी मजबूत चीज की आड़ में छिपने और खतरा टलने तक वहीं रहने की सलाह दी गई है।

**घटना मक्का की विशेष धार्मिक और वैश्विक अहमियत के कारण गंभीर**

### शांति और स्थिरता कायम करें

भारत ने कहा कि मक्का के पास हुई घटना इसलिए भी बेहद चिंताजनक है, क्योंकि यह शहर दुनिया भर के मुसलमानों के लिए विशेष धार्मिक महत्व रखता है। विदेश मंत्रालय ने सऊदी अरब की संप्रभुता का सम्मान करने और ऐसी कार्रवाइयों से बचने पर जोर दिया है, जिनसे आम लोगों की जान को खतरा हो सकता है। भारत ने क्षेत्र में शांति और स्थिरता जल्द बहाल होने की उम्मीद भी जताई है।

#### यमन विद्रोहियों ने भेजे ड्रोन

यह बयान ऐसे समय आया है जब सऊदी अरब ने मक्का की ओर ड्रोन भेजे जाने का आरोप यमन स्थित हूती विद्रोहियों पर लगाया है। भारत ने अपने बयान में तीन प्रमुख बातों पर जोर दिया है। पहला, मक्का के पास ड्रोन हमले की रिपोर्ट पर गहरी चिंता। दूसरा, सऊदी अरब के संप्रभु क्षेत्र पर हमलों की स्पष्ट निंदा। तीसरा, नागरिकों और बुनियादी ढांचे को खतरे में डालने वाली किसी भी कार्रवाई का विरोध। इसके साथ भारत ने क्षेत्र में शांति और स्थिरता जल्द बहाल होने की उम्मीद जताई है।

#### मार गिराया ड्रोन

सऊदी अरब के एयर डिफेंस सिस्टम ने मंगलवार को मक्का के दक्षिण में एक हूती ड्रोन को इंटरसेप्ट कर नष्ट कर दिया। सऊदी नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन ने बुधवार को बताया कि ड्रोन को मक्का के प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में दाखिल होने से पहले ही मार गिराया गया।

### यूएनएससी में हूती गतिविधियों पर चर्चा

*वैश्विक व्यापार के सामने एक और बड़े संकट की आशंका के बीच संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में यमन के हूती विद्रोहियों के लाल सागर के अहम इलाकों की ओर बढ़ने को लेकर चिंता जताई गई। राजनयिकों ने चेतावनी दी कि हूतियों की गतिविधियां लाल सागर के रास्ते स्वेज नहर तक पहुंचने वाले महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को प्रभावित कर सकती हैं। यूएन के असिस्टेंट सेक्रेटरी जनरल खालिद खियारी ने मंगलवार को सुरक्षा परिषद के आपात सत्र में कहा कि यमन के पश्चिमी तट पर लड़ाई तेज हो गई है। हूती बाब अल-मंदब जलडमरूमध्य की ओर बढ़ रहे हैं और कथित तौर पर दक्षिणी लाल सागर के कई द्वीपों पर कब्जा कर चुके हैं।*

### इस्लामिक देशों के संगठन ने की निंदा

*इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) ने मक्का और मदीना क्षेत्र में हूती हमलों की निंदा की है। संगठन ने कहा कि पवित्र जगहों, मस्जिदों और आम लोगों के ठिकानों पर हमला करना आतंकवाद है। ऐसी कार्रवाई इस्लाम की सीख और अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। मक्का इस्लाम का सबसे पवित्र शहर है। यहां मुस्लिमों के प्रमुख पवित्र स्थल हैं और हर साल दुनिया भर से लाखों लोग हज के लिए पहुंचते हैं।*

## 'अपराजिता-परांग ला 2026' अभियान पूरा



### एनसीसी महिला कैडेटों ने 30 दिनों में तय किए 250 किमी

*नई दिल्ली। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की प्रमुख साहसिक गतिविधि, अखिल भारतीय बालिका अधिक ऊंचाई वाले लंबे ट्रेक 'अपराजिता-परांग ला 2026' के सफलतापूर्वक पूरा होने पर 16 सितंबर 2026 को लद्दाख के करजोक में एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स और रक्षा मंत्रालय की अपर सचिव दीप्ति मोहिल चावला ने दल का स्वागत किया।*

**रक्षा साझेदारी और सैन्य सहयोग को बढ़ावा**

## थल सेनाध्यक्ष जनरल धीरज सेठ 3 दिन की रूस यात्रा पर

नई दिल्ली

चीफ आफ आर्मी स्टॉफ (सीओएएस) जनरल धीरज सेठ 16 से 18 सितंबर 2026 तक रूस की आधिकारिक यात्रा पर हैं। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही रक्षा साझेदारी और सैन्य-से-सैन्य सहयोग को और मजबूत करना है। यात्रा के दौरान सीओएएस को मॉस्को में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा और वह 'टॉम्ब ऑफ द अननोन सोल्जर' पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। वह रूसी थल सेना के कमांडर-इन-चीफ कर्नल जनरल आंद्रेई निकोलायेविच मोर्दविचेव के साथ पेशेवर सैन्य सहयोग और प्रशिक्षण समेत आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा करेंगे। थल सेनाध्यक्ष मॉस्को स्थित नेशनल डिफेंस कंट्रोल सेंटर का दौरा करेंगे और रूसी रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे।



धीरज सेठ

**मोदी सरकार का बड़ा एक्शन**

## शहजाद भट्टी नेटवर्क यूएपीए के तहत 'आतंकी' संगठन घोषित

नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। शहजाद भट्टी नेटवर्क (एसबीएन) को यूएपीए के तहत आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया गया है। सरकार के मुताबिक, नेटवर्क पर सीमा पार से हथियार, विस्फोटक और नशीले पदार्थों की तस्करी के साथ युवाओं को कट्टरपंथ की ओर धकेलने के आरोप हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने इस कार्रवाई को आतंकवाद के खिलाफ सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति से जोड़ा है। गृह मंत्रालय की अधिसूचना के मुताबिक सरकार ने यूएपीए की धारा 35 के तहत संगठन को आतंकवादी संगठनों की सूची में शामिल किया है। सरकार ने अधिसूचना में कहा है कि शहजाद भट्टी नेटवर्क सीमा पार से हथियार, विस्फोटक और नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए युवाओं और स्थानीय अपराधियों को अपने नेटवर्क में शामिल करता रहा है।



शहजाद भट्टी

### इजराइल के ई1 सेटलमेंट प्रोजेक्ट पर बढ़ा विवाद

## ईयू अध्यक्ष ने जताई आपत्ति निर्माण कानून के अनुरूप नहीं

नई दिल्ली

पिछले महीने इजराइल ने अधिकृत वेस्ट बैंक के ई1 क्षेत्र में 1,234 इजराइली आवासीय इकाइयों के निर्माण के लिए टेंडर जारी किए हैं। इस कदम को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विरोध बढ़ गया है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने इसे अस्वीकार्य बताया। स्ट्रासबर्ग में 'स्टेट ऑफ द यूनियन' के सालाना कार्यक्रम में यूरोपीय सांसदों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि टू-स्टेट सॉल्यूशन (दो-देश समाधान) की उम्मीद को जिंदा रखना यूरोप की जिम्मेदारी है।



उर्सुला लेयेन

### इजराइल को 26 हजार करोड़ के हथियार देंगे ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन इजराइल को 2.8 अरब डॉलर यानी करीब 26 हजार करोड़ के हथियार देने की तैयारी कर रहा है। इस पैकेज में करीब 40 हजार भारी बम शामिल हैं। हर बम का वजन 2000 पाउंड यानी करीब 900 किलो है। इन बमों की सप्लाई पर पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन ने 2024 में रोक लगाई थी। प्रस्तावित हथियार पैकेज में 20 हजार एमके84 और 20 हजार बीएलयू-117 बम शामिल हैं।

#### 3400 आवासी इकाइयां बनेंगी

संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के बड़े हिस्से के अनुसार, अधिकृत फिलिस्तीनी क्षेत्रों में इजराइली बस्तियों का निर्माण अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप नहीं है। इजराइल इस कानूनी स्थिति को स्वीकार नहीं करता और वेस्ट बैंक को आधिकारिक तौर पर 'जूडिया एंड सामरिया' कहता है। ई1 परियोजना पूर्वी यरुशलम और बड़े इजराइली बस्ती क्षेत्र माले अदुमीम के बीच स्थित इलाके में प्रस्तावित है। इसके तहत करीब 3,400 आवासीय इकाइयों का निर्माण किया जाना है।

### नई दिल्ली और वेलिंगटन के बीच व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

प्रस्ताव के पक्ष में 93 और विरोध में 29 मत मिले थे

## न्यूजीलैंड की संसद ने भारत के साथ हुए एफटीए को दी मंजूरी, अधिकतर निर्यात पर जीरो ड्यूटी

वेलिंगटन

न्यूजीलैंड की संसद ने बुधवार को भारत के साथ हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) को मंजूरी दे दी है। इस प्रस्ताव के पक्ष में 93 और विरोध में 29 मत मिले थे।

भारत के साथ एफटीए को न्यूजीलैंड की संसद से मंजूरी मिलने पर पीएम क्रिस्टोफर लक्सन ने खुशी जताते हुए कहा कि इससे बड़ी संख्या में नौकरियां पैदा होंगी। साथ ही, इस समझौते से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर न्यूजीलैंड के क्रिस्टोफर लक्सन ने पोस्ट किया कि लोगों ने मुझसे कहा था कि भारत के साथ एफटीए मुमकिन नहीं है, लेकिन आज उस समझौते को संसद से मंजूरी मिल गई है।



मोदी और लक्सन — फाइल फोटो

**न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन ने खुशी जताई**

### समझौते से बॉर्डर पर तेजी से क्लीयरेंस मिलेगी

न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले ने कहा कि जब यह समझौता लागू होगा, तो भारत को होने वाले न्यूजीलैंड के 57 प्रतिशत निर्यात पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। पूरी तरह लागू होने पर, 95 प्रतिशत निर्यात पर शुल्क हटा दिए जाएंगे या काफी कम कर दिए जाएंगे। बॉर्डर पर तेजी से क्लीयरेंस मिलेगी और भारत के बढ़ते मध्यम वर्ग तक बेहतर पहुंच मिलेगी, जो भोजन, टेक्नोलॉजी, शिक्षा, पर्यटन और अन्य उत्पादों की मांग बढ़ा रहा है।

#### न्यूजीलैंड की जीडीपी बढ़ेगी

ऑस्ट्रेलिया के वेस्टपैक इंस्टीट्यूशनल बैंक की एक रिपोर्ट में भारत के बड़े आकार और विकास की संभावनाओं पर जोर दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस एफटीए से अगले दशक में न्यूजीलैंड की जीडीपी में लगभग 0.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

#### निर्यातकों को होगा लाभ

मैक्ले ने कहा कि इस समझौते और इससे होने वाले संभावित आर्थिक फायदों के लिए संसद का मजबूत समर्थन मिला है। एफटीए से न्यूजीलैंड के निर्यातकों को भारत में ज्यादा पहुंच मिलेगी।



#### मार्च 2025 में की थी घोषणा

*नमैक्ले ने कहा कि न्यूजीलैंड-भारत के बीच बातचीत की घोषणा मार्च 2025 में की गई थी और सरकार को उम्मीद है कि यह समझौता इस साल के आखिर तक लागू हो जाएगा। एफटीए से न्यूजीलैंड के निर्यातकों को अपने बिजनेस संबंध बढ़ाने में मदद मिलेगी। 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार दोगुना होगा।*

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए , मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 1003, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली राजस्थान 306401 से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJMUL/26/A4290, प्रबंध सम्पादक- प्रदीप सिंह, मो.नं. 9983831415